

दैनिक
मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, छतीसगढ़ से प्रकाशित
# चम्बल सुर्खी
उत्कृष्ट एवं सफल प्रकाशन के 36 वर्ष
निष्पक्ष एवं निर्भीक विचारों का प्रवक्ता

आज का **तापमान**
अधिकतम 21 डिग्री
न्यूनतम 10 डिग्री

## संक्षिप्त समाचार



### आज पेश होगा प्रदेश सरकार का बजट, चुनावी साल होने की वजह से मिल सकते हैं कई तोहफे

**लखनऊ। एजेंसी** पांच फरवरी को सुबह 11 बजे वित्त मंत्री सुरेश खन्ना बजट पेश करेंगे। इस बजट में सरकार कई नई घोषणाएं कर सकती है। चुनावी साल होने के चलते ऐसे अनुमान लगाए जा रहे हैं कि इस बजट में प्रदेश की जनता को तोहफे देने की कोशिश होगी। बजट के बाद राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा शुरू होगी। 6 और 7 फरवरी को राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा होगी। आठ फरवरी को वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय-व्ययक पर साधारण चर्चा होगी। 10 और 12 फरवरी को आय-व्ययक पर चर्चा के साथ अनुदान की मांगों पर विचार होगा। बजट प्रस्ताव पर मतदान होगा। 12 फरवरी को दोपहर 3 बजे उत्तर प्रदेश विनियोग विधेयक 2024 को सदन में पुनःस्थापन कर उसे पारित किया जाएगा। प्रदेश के इस बजट में आय और खर्च का संतुलन और बेहतर बनाने का प्रयास किया जाएगा। आगामी वित्त वर्ष में राज्य का स्वयं का कर राजस्व 10.8 फीसदी रहने का अनुमान है तो करेत्तर राजस्व 0.9 फीसदी रहेगा। बचत पर जोर देते हुए राजस्व बचत वर्तमान वित्त वर्ष की तुलना में आगामी वित्त वर्ष में ज्यादा होगा। इसे 2.8 फीसदी से बढ़ाकर 3 फीसदी करने का अनुमान है।

# पीएम ने असम में मां कामाख्या कॉरिडोर का शिलान्यास किया

## काशी और महाकाल कॉरिडोर की तरह विकसित होगा, 498 करोड़ रुपए खर्च होंगे

**गुवाहाटी। एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को गुवाहाटी के वेटरनरी कॉलेज ग्राउंड में मां कामाख्या मंदिर कॉरिडोर समेत असम में 11 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के प्रोजेक्ट का शिलान्यास किया। इसे महाकाल और काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की तरह 498 करोड़ रुपए खर्च कर डेवलप किया जाएगा।

प्रधानमंत्री ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा- अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा के भव्य आयोजन के बाद मैं अब यहां मां कामाख्या के द्वार पर आया हूं। आज मुझे यहां मां कामाख्या दिव्यलोक परियोजना का शिलान्यास करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

उन्होंने कहा- कुछ लोगों ने अपनी ही संस्कृति पर शर्मिंदा होने का ट्रेंड बना दिया था। कोई भी अपनी जड़ों को काटकर, अतीत को भुलाकर सफल नहीं हो सकता। हमारे तीर्थ, हमारे मंदिर, हमारी आस्था के स्थान, ये सिर्फ दर्शन करने की स्थली ही नहीं हैं। ये हजारों वर्षों की हमारी सभ्यता की यात्रा की अमिट निशानियां हैं।

### नीलांचल पर्वत पर कई और मंदिर भी, कॉरिडोर में ये सब शामिल

नीलांचल पर्वत पर मां कामाख्या देवी के मंदिर के अलावा कई और मंदिर हैं। यहां मातंगी, कमला, त्रिपुर सुंदरी, काली, तारा, भुवनेश्वरी, बगलामुखी, छिन्नमस्तिका, भैरवी, धूमावती देवियों और दशमहाविद्या (देवता के दस अवतार) के मंदिर भी हैं। नीलांचल पहाड़ी के चारों ओर भगवान शिव के पांच मंदिर कामेश्वर, सिद्धेश्वर, केदारेश्वर, अमरतोकेश्वर, अघोरा और कौटिलिंग मंदिर हैं। इन्हीं सब को मिलाकर मां कामाख्या कॉरिडोर तैयार होगा।



### ब्रह्मा, विष्णु और शिव पहाड़ियों से मिलकर बना नीलांचल पर्वत

नीलांचल तीन भागों यानी ब्रह्मा पहाड़ी, विष्णु पहाड़ी और शिव पहाड़ी से मिलकर बना है। यहां भुवनेश्वरी मंदिर सबसे ज्यादा ऊंचाई पर है। पहाड़ी के उत्तरी भाग में ब्रह्मपुत्र नदी बहती है। नीलांचल पहाड़ी में बाणदुर्गा मंदिर, जया दुर्गा मंदिर, ललिता कांता मंदिर, स्मरणकली मंदिर, गदाधर मंदिर, घंटाकर्ण मंदिर, त्रिनाथ मंदिर, शंखेश्वरी मंदिर, द्वारपाल गणेश के मंदिर जैसे कुछ अन्य मंदिर हैं। हनुमान मंदिर, पांडुनाथ मंदिर बरहा पहाड़ी में स्थित हैं।

### इन योजनाओं की भी आधारशिला रखी

प्रधानमंत्री ने इसके अलावा 358 करोड़ रुपए के गुवाहाटी न्यू एयरपोर्ट टर्मिनल से सिक्स लेन रोड प्रोजेक्ट, 831 करोड़ के इंटरनेशनल फुटबॉल स्टेडियम और 300 करोड़ के एक नए खेल परिसर प्रोजेक्ट का भी शिलान्यास किया।

इसके अलावा पीएम ने असम माला सड़कों के सेकेंड फेज की शुरुआत की। इस फेज में 43 नई सड़कें और 38 कंक्रीट के पुल बनाए जाएंगे और इसमें कुल 3,444 करोड़ रुपए खर्च होगा। पीएम मोदी ने गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल की एक इमारत की भी नींव रखी। इसे 3,250 करोड़ रुपए की लागत से बनाया जाएगा।

## पब्लिक प्रॉपर्टी के नुकसान पर लॉ पैनल का सुझाव

# जब तक नुकसान की वसूली न हो, तब तक दंगाई को जमानत न दी जाए

**नई दिल्ली। एजेंसी**

रिटायर्ड जस्टिस ऋतुराज अवस्थी की अध्यक्षता वाले भारत के 22वें विधि आयोग ने शुक्रवार 2 फरवरी को मोदी सरकार को एक रिपोर्ट सौंपी। रविवार को सामने आई इस रिपोर्ट में दंगाइयों के लिए कड़े जमानत प्रावधानों की सिफारिश की गई है। पैनल ने सुझाव दिया है कि सड़कें जाम करने और तोड़-फोड़ करने वालों पर सार्वजनिक-निजी संपत्तियों को हुए नुकसान के बाजार मूल्य के बराबर जुर्माना लगाया जाए। दंगाइयों को जुर्माने की वसूली के बाद ही जमानत दी जाए। लॉ पैनल की रिपोर्ट में बताए गए जुर्माने का मतलब उस राशि से है, जो डैमेज हुई प्रॉपर्टी की मार्केट वैल्यू के बराबर होगी। अगर इस प्रॉपर्टी की वैल्यू निकाल पाना संभव न हो, तो इसका टोटल अमाउंट अदालत तय कर सकती है।



# बिहार कांग्रेस के 16 विधायक हैदराबाद पहुंचे

## ऑपरेशन लोटस के डर से चार्टर्ड प्लेन से भेजा; 12 फरवरी को फ्लोर टेस्ट में होंगे शामिल

**पटना। एजेंसी** बिहार कांग्रेस ने अपने 19 में से 16 विधायकों को चार्टर्ड प्लेन से हैदराबाद भेज दिया है। ये विधायक शनिवार को पार्टी की बैठक में शामिल होने दिल्ली पहुंचे थे, यहीं से वे हैदराबाद रवाना हुए।

कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मदन मोहन झा के साथ ये विधायक चार्टर्ड प्लेन से हैदराबाद के ऋन्नद्ध एयरपोर्ट पहुंचे। एयरपोर्ट से बाहर मीडिया से बातचीत में अखिलेश सिंह ने कहा कि सभी विधायक यहां के मुख्यमंत्री से मिलने आए हैं। इस दौरान कांग्रेस के एक विधायक रिपोर्टर को धक्का देकर आगे बढ़ गए। दरअसल, बिहार में ह्छ की सरकार को 12 फरवरी से शुरू हो रहे सत्र में अपना बहुमत साबित करना है। ऐसे में कांग्रेस ने अपने विधायकों को ऑपरेशन लोटस से बचाने के लिए हैदराबाद भेजा है।






# बोर्ड परीक्षाओं का महाकुंभ आज से, 32 केंद्रों पर 12 हजार 428 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा

**- कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सुबह 9 बजे से शुरू होगी बोर्ड परीक्षाए, परीक्षा केंद्रों पर वीडियोग्राफी व फोटोग्राफी भी की जाएगी**




**श्योपुर ब्यूरो।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा इस बार फरवरी के पहले सप्ताह में शुरू होगी। 5 फरवरी से जहां कक्षा 10 वीं की बोर्ड परीक्षाएं शुरू होगी। जबकि कक्षा 12 वीं की बोर्ड परीक्षा 6 फरवरी से आरंभ होगी। बोर्ड परीक्षा के लिए जिले में 32 परीक्षा केंद्र निर्धारित कर दिए गए है। खास बात यह है कि पहली बार बोर्ड परीक्षा की निगरानी एप के जरिए सीधे प्रदेश स्तर से होगी। वहीं सभी परीक्षा केंद्रों पर निगरानी के लिए कलेक्टर के प्रतिनिधि में मौजूद रहेंगे। पहली बार 32 कलेक्टर प्रतिनिधियों को नियुक्ति कलेक्टर संजय कुमार के द्वारा की गई है। बताया गया है कि बोर्ड परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों के बैठने के लिए फर्नीचर की उपलब्धता रहेगी। सभी परीक्षा केंद्रों पर वीडियोग्राफी व फोटोग्राफी भी की जाएगी। वहीं नकल रोकने के लिए उड़नदस्ते भी बनाए जाएंगे जो केंद्रों पर निगरानी करेंगे। बोर्ड परीक्षा की निगरानी के लिए बोर्ड के द्वारा जो एप बनाया गया है, है, उसे बोर्ड परीक्षा के लिए तैनात किए गए सभी शिक्षक अपने मोबाइल में डाउन लोड करेंगे। इसके बाद इस ऐप से पुलिस थाने से प्रश्न-पत्र के निकलने की एंट्री, केंद्रों पर प्रश्न-पत्र खोलने से लेकर वितरण की एंट्री, परीक्षा खत्म होने के बाद बंडल बनने और मूल्यांकन केंद्र पर जमा करने तक की एंट्री की।

### इनते परीक्षार्थी बैठेंगे परीक्षा में

जिले में इन दोनों ही परीक्षाओं के लिए बनाए गए 32 परीक्षा केंद्र बनाए गए है। जहां 78 शासकीय और 37 अशासकीय स्कूलों के 12 हजार 428 परीक्षार्थी बैठकर बोर्ड परीक्षा देगे। इनमें कक्षा 12 वीं के 4963 विद्यार्थी और कक्षा 10 वीं के 7465 विद्यार्थी होगे। कक्षा 12वीं के बोर्ड एग्जाम में 4417 विद्यार्थी नियमित तथा 546 विद्यार्थी प्रायवेट रूप से शामिल होगे। जबकि कक्षा 10 वीं की बोर्ड परीक्षा में 6654 विद्यार्थी नियमित और 811 विद्यार्थी प्रायवेट रहेंगे।

### परीक्षार्थियों को आधे घंट पहले पहुंचना होगा केंद्र पर

परीक्षा को लेकर विद्यार्थियों को समय पर भी केंद्र तक पहुंचना होगा। बताया गया है कि परीक्षा का समय 9 से 12 बजे का है। ऐसे में परीक्षार्थियों को सुबह 8ः30 बजे केंद्र पर पहुंचना होगा। देरी से आने वाले विद्यार्थियों को प्रवेश नहीं मिल सकेगा। वहीं इस बार प्रश्न-पत्र हल करने के लिए 32 पेज की कापी दी जाएगी। इसी में उन्हें पूरा प्रश्न-पत्र हल करना होगा। अलग से सप्लीमेंट्री नहीं दी जाएगी।

### बोर्ड परीक्षा का लेकर 144 लागू

कलेक्टर संजय कुमार ने बोर्ड परीक्षाओं को देखते हुए धारा 144 के लागू करने का आदेश जारी किया है। इस आदेश के अनुसार समस्त परीक्षा केंद्रों से 100 मीटर की परिधि के अंदर 5 या 5 से अधिक लोगो का जमावड़ा पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। परीक्षाओं के दौरान विद्यार्थियों को परीक्षाओं की तैयारी हेतु अनुकूल वातावरण निर्मित करने, परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षाएं संपन्न कराने एवं लोक परिशांति बनाये रखने के लिए दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 एवं मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 तथा ध्वनि प्रदुषण नियम 2000 के तहत 05 फरवरी से परीक्षा समाप्ति की अवधि तक यह आदेश लागू रहेगा। इस आदेश के क्रम में ध्वनि विस्तारक यंत्रो लाउड स्पीकर, डेक इत्यादि का उपयोग सभा, सम्मेलन, जुलूस, सामाजिक, धार्मिक, राजनैतिक, व्यक्तिगत आयोजनो में ध्वनि विस्तारक यंत्र पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगे। विशेष परिस्थिति में संबंधित एसडीएम की अनुमति लेकर ध्वनि विस्तारक यंत्रो का उपयोग किया जा सकेगा। सभी परीक्षा केंद्रों से 100 मीटर की परिधि के अंदर 5 या 5 से अधिक लोगों (परीक्षार्थी, ड्यूटी पर लगे अधिकारी एवं कर्मचारियों को छोडकर) के एकत्रित होने पर पूर्ण रूप से रोक रहेगी।

**फैक्ट फाइल**

परीक्षा केंद्र 32
श्योपुर में केंद्र 15
कराहल में केंद्र 06
विजयपुर में केंद्र 11
सामान्य केंद्र 20
संवेदनशील केंद्र 09
अति संवेदनशील 03
कक्षा 10वीं में 8470 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा
कक्षा 12वीं में 5624 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा
सुबह 9 से 12 बजे तक होगी परीक्षा।

# राडेप गांव में युवक की करंट लगने से मौत, आक्रोषित ग्रामीणों लगाया हाइवे पर जाम

**- बिजली लाइन पर काम करते समय युवक को लगा करंट**



**श्योपुर ब्यूरो।** बिजली लाइन जोड़ने का काम करते समय जिले के राडेप गांव के एक युवक को करंट लग गया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना से नाराज मृतक के परिजनों और ग्रामीणों ने रविवार को श्योपुर बडौदा हाइवे पर पांडोला गांव के पास जाम लगा दिया। यह जाम करीब 2 घंटे तक लगा रहा, जिसकी वजह से हाइवे पर दोनों ओर गाड़ियों की लंबी लाइन लग गई।

एक लाइनमैन और तीन ऑपरेटर सहित बिजली कंपनी के चार कर्मचारियों को तत्काल वहां से हटाए जाने, जर्जर बिजली लाइनों को बदलवाने और पीड़ित परिवार को मुआवजे का उचित आश्वासन मिलने के बाद ग्रामीणों ने जाम हटा दिया। दरअसल, बीते शनिवार की शाम राड़ेप गांव निवासी युवक पवन जाट को बिजली लाइन जोड़ने समय करंट लग गया था और उसकी मौत हो गई थी। मृतक पवन जाट की मौत को लेकर उनके परिजनों और ग्रामीणों ने बिजली कंपनी के कर्मचारियों पर आरोप लगाया है कि, उन्होंने बिजली लाइन ठीक करने की बजाय पवन को यह कहकर बिजली के खंभे पर चढ़ा दिया था कि, लाइन बंद कर दी गई है और परमिट ले लिया है। लेकिन जब पवन काम करने के लिए खंभे पर चढ़ा तो उसे लाइन चालू होने की वजह से करंट लग गया और उसकी मौत हो गई। इसे लेकर उसके परिजनों और ग्रामीणों ने रविवार को जाम लगाकर लापरवाह बिजली कंपनी के कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग की। राडेप गांव निवासी महेंद्र सिंह जाट का कहना है कि उनके गांव के युवा पवन जाट को बिजली कंपनी के कर्मचारियों ने यह कहकर खंभे पर चढ़ा दिया था कि परमिट ले लिया है, लाइन बंद कर दी गई है आप लाइन ठीक कर लो। यह काम बिजली कंपनी का था लेकिन उन्होंने जानबूझकर उसे चढ़ा दिया जिससे करंट लग गया और उसकी मौत हो गई। लापरवाह कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा मिलना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### गिरधरपुर में बंदरों के उत्पात से ग्रामीण परेशान

**श्योपुर ब्यूरो।** कस्बे में बंदरों के बढ़ते आतंक से स्थानीय लोग परेशान हैं। आए दिन बंदरों के हमले से कोई न कोई घायल हो जाता है। बंदरों के झुंड के सामने से गुजरना खतरे से खाली नहीं होता। लोगों का कहना है कि वन विभाग के अधिकारियों से कई बार बंदरों को पकड़ने की मांग की, लेकिन इसके बाद भी बंदरों को पकड़े जाने की पहल नहीं की गई है। ग्रामीणों ने बताया कि कस्बे में बंदरों का आतंक बढ़ने के कारण कस्बे के हर गली मोहल्ले में सार्वजनिक स्थानों पर बंदरों के झुंड बैठे रहते हैं, जिससे पैदल चलने वाले लोग इनके झुंड को देखकर अपना रास्ता बदल लेते हैं। ग्रामीणों अनुसार कस्बे में बंदरों का आंतक इतना फैल गया है कि दुकानदार भी काफी परेशान हैं।

### पानी निकासी का इंतजाम नहीं होने से सीसी सड़क पर जमा हो रहा कीचड़

**श्योपुर ब्यूरो।** श्योपुर जिला मुख्यालय से सटे सेमल्दा हवेली गांव में सीसी सड़क पर डेढ़ फीट कीचड़ जमा हो गया है। इन हालातों में गांव के स्कूली बच्चों से लेकर ग्रामीणों को घर से बाहर आते-जाते समय कीचड़ से गुजरना पड़ रहा है। कई लोग गिरकर घायल हो चुके हैं। बच्चों के कपड़े कीचड़ से गंदे हो जाते हैं। इसकी शिकायत सरपंच और सचिव से कई बार कर चुके हैं। इस समस्या की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इस वजह से पूरे गांव के लोग बेहद परेशान हैं। ग्रामीणों ने बताया कि करीब साल भर से उनके गांव के यही हालात हैं। पानी निकासी नहीं होने और कीचड़ की वजह से निकलना मुश्किल हो रहा है। बारिश के सीजन में परेशानी ज्यादा बढ़ जाती है। सबसे ज्यादा दिक्कत बुजुर्ग और बच्चों को होती है। कीचड़ की वजह से अब तक 7 से 8 लोग घायल हो चुके हैं। इनमें दो महिलाएं हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि उनकी समस्या का समाधान किया जाए। सरपंच का कहना है कि पानी निकासी के इंतजाम नहीं होने से सड़क पर कीचड़ है। इससे ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ रही है। इसकी शिकायत उन्होंने सरपंच और सचिव से की है, लेकिन वह सुनवाई नहीं कर रहे हैं।

### उत्कृष्ट स्कूल के विद्यार्थी जाएंगे जंगल की सैर करने

**श्योपुर।** अनुभूति कार्यक्रम के तहत वन विभाग स्कूली बच्चों को वन और वन्य प्राणियों का महत्व समझाने के लिए जंगल की सैर कराने ले जा रहा है। इसी क्रम में सामान्य वन मंडल की श्योपुर रेंज का अमला शहर के कालेज और स्कूलों के छात्र-छात्राओं को जंगल की सैर कराने के लिए देव खो के जंगल में लेकर जाएंगा। रेंज अफिसर श्योपुर अजय वाजपेयी ने बताया कि रवविवार को सीएम राइज स्कूल श्योपुर और आदर्श आवासीय विद्यालय ढेंगदा के स्कूली बच्चों को देव खो के जंगल की सैर कराई गई। इसके बाद आज 5 फरवरी को उत्कृष्ट स्कूल श्योपुर, 6 फरवरी को सरस्वती विद्या मंदिर श्योपुर तथा जीवन एकेडमी स्कूल श्योपुर, 7 फरवरी को राजीव गांधी स्कूल श्योपुर के बच्चों को देव खो के जंगल में ले जाएगा। जबकि 8 फरवरी को शासकीय महाविद्यालय श्योपुर के विद्यार्थी जंगल की सैर पर जाएंगे। जंगल की सैर के दौरान बच्चों को पक्षी दर्शन कराते हुए जंगल और वन्य प्राणियों के महत्व के बारे में बताया जाएगा,ताकि स्कूली बच्चे यह समझ सके कि पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए जंगल और जंगल में रहने वाले वन्य प्राणियों का रहना कितनी जरूरी है।

### अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

**श्योपुर ब्यूरो।** विभिन्न थानों की पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए अवैध शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 1400 रुपये की अवैध शराब जब्त की है। कार्रवाई के दौरान आवदा थाना पुलिस ने बद्री पुत्र फोज्या बंजारा निवासी सलमानिया को सलमानिया तिराहा मैन रोड शराब ले जाते गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से 7 लीटर कच्ची शराब बरामद की है, जिसकी कीमत 700 रुपये है। वहीं ढोढर थाना पुलिस ने रमेश पुत्र सवा बंजारा निवासी बंजारा बस्ती ढोढर को खिरखिरी रोड से शराब ले जाते गिरफ्तार किया है पुलिस ने इसके कब्जे से 7 लीटर शराब बरामद की है, जिसकी कीमत 700 रुपये है। पुलिस ने उक्त दोनों आरोपितों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### बिजली समस्याओं के निराकरण के लिए शिविर आज

**श्योपुर।** बिजली उपभोक्ताओं की शिकायत एवं समस्याओं के के निराकरण के लिए विधुत वितरण कंपनी उत्तर संभाग द्वारा वितरण केन्द्र कार्यालयों पर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। 5 फरवरी को वितरण केन्द्र सोईकलां, वितरण केन्द्र रघुनाथपुर, 6 फरवरी को वितरण केन्द्र ढोटी, वितरण केन्द्र विंजयपुर द्वितीय, 7 फरवरी को वितरण केन्द्र ढोढर, वितरण केन्द्र वीरपुर, 8 फरवरी को वितरण केन्द्र गसवानी, वितरण केन्द्र भोगिका पर सुबह 11 बजे से शाम 04 बजे तक आयोजित किए जाएंगे। उप महाप्रबंधक उत्तर संभाग श्योपुर ने बताया कि उक्त शिविरों में विद्युत संबंधी विभिन्न समस्याएं जैसे समय पर बिल वितरण अथवा बिल प्राप्त नहीं होना, अधिक राशि का विद्युत बिल प्राप्त होना, विद्युत प्रदाय अथवा ट्रांसफार्मर से संबंधित समस्याएं, नवीन विद्युत कनेक्शन, कृषि उपभोक्ताओं के भार में वृद्धि से संबंधित शिकायतें आदि का निराकरण किया जाएगा।

# भारत के विकास में गांवों का विकसित होना जरूरी: शशांक भूषण

**- भाजपा मंडल बड़ौदा में गांव चलो अभियान को लेकर कार्यशाला का आयोजन**

**- 9 से 11 फरवरी तक जिले के प्रत्येक बूथों पर कार्यकर्ता बितायेंगे 24 घंटे**



**श्योपुर ब्यूरो।** भारतीय जनता पार्टी काशीनाथ जी की बाउडी में रविवार को गांव चलो अभियान के संबंध में कार्यशाला का आयोजन मण्डल बड़ौदा में किया गया। कार्यशाला में संगठन जिला प्रभारी एवं भाजपा जिला महामंत्री,पूर्व अध्यक्ष प्रदेश कार्य समिति सदस्य महावीर सिंह सिसोदिया, दीपक,सुमित मोदी,मंडल अध्यक्ष मनोज डोम, जिला मिडिया प्रभारी नरेश धाकड़ सहित मंडल के महामंत्री एवं समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे। शशांक भूषण ने संबोधित करते हुए गांव चलो अभियान के संबंध में प्रेजेंटेशन देकर भाजपा पदाधिकारियों,मंडल अध्यक्ष को जानकारियां दी व आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कार्यशाला में सर्व प्रथम अतिथियों ने भारत माता व पितृ पुरुष पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वल्लित किया। कार्यशाला का संचालन मंडल अध्यक्ष मनोज डोम व आभार मंडल महामंत्री दिनेश ने किया। जिला प्रभारी भूषण ने कहा कि 500 साल के संघर्ष के बाद रामलला प्राणप्रतिष्ठा में हमारा जिला ही नही देश और विश्व राम मय हो गया था फिर भी आने वाले लोकसभा चुनाव हमे अपनी पूरी ताकत के साथ लड़ना होगा। भारत केवल विकसित गांवों के साथ ही विकसित हो सकता है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के इसी संकल्प को लेकर गांव चलो अभियान की शुरूआत की गई है। इसका मकसद सभी गांवों तक केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को पहुंचाना है। गांव चलो अभियान में हम सभी कार्यकर्ता को 24 घंटे के लिए गांव में जाना है इस अभियान में हमारी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष हमारे मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भी 24 घंटे के लिए पार्टी के गांव चलो अभियान में गांव जाने वाले है। हम विचार के लिए काम करने वाले कार्यकर्ता है हम देश को फिर से विश्वगुरु बनाने के लिए काम कर रहे है। उन्होने कहा कि विकसित भारत यात्रा के अंतर्गत हम लोगों को पंचायत पंचायत तक पहुंचना है और पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलवाना है। अब गांव चलो अभियान के माध्यम से हम सभी कार्यकर्ताओ को गांव गांव जाकर इस अभियान को सफल बनाना है। इस अभियान के माध्यम से विधानसभा चुनाव में जिन बूथों पर हमें हार मिली है उसको जीतना एवं जीते हुए बूथों पर 10 प्रतिशत वोट शेयर लाभ हो एकमात्र लक्ष्य होगा। इस अभियान में गांव चलो अभियान केंद्र से प्रदेश में और हमारे जिले में भी चलने वाला है। भारत केवल विकसित गांव के माध्यम से ही विकसित भारत बन सकता है। नमो ऐप और सरल ऐप डाउनलोड करे ,गांव में जाने वाले कार्यकर्ता सरल ऐप पर अपनी गतिविधि डाउनलोड करे। मतदाता सूची में जिनके नाम नहीं हैं और जिन्हें इसकी जानकारी नहीं हैं उनकी मदद करके उनका नाम मतदाता सूची में शामिल करवाना भी कार्यकर्ता को प्रमुखता के साथ करना होगा। अगर कही फर्जी मतदाता की जानकारी मिलती है तो उसकी जानकारी भी प्रशासन को देकर सहयोग करना होगा, ताकि फर्जी मतदान को रोका जा सके।

मंडल बड़ौदा के इस अभियान कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्य समिति सदस्य महावीर सिंह सिसोदिया ने उद्बोधन में कहा कि गांव, गरीब,महिला और किसान की चिंता करते हुए भाजपा की सरकार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने गरीब, किसान को सशक्त बनाने के लिए शासन की कई योजनाएं चलाई, जिसका लाभ जमीन स्तर पर अंतिम छोर तक पहुंच रहा है, भाजपा की सरकार ने दो लाख पचास हजार का आवास गरीबों को पिलर और छत का घर बनाकर दिया गरीब और बहन बेटियों की इज्जत पर आंच ना आए महिलाओं को सशक्त बना ने के लिए शौचालय एवं कई योजनाऐ चलाई 33 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं को मोदी जी एवं भाजपा की सरकार ने दिया और जो बहने मां-बाप के घर से बाहर नहीं निकलती थी आज हमारे विधानसभा और लोकसभा मैं नेतृत्व कर रही है।

# रिमझिम बारिश ने फिर बढ़ाया सर्दी का असर, दिन भर नहीं निकली धूप



**श्योपुर ब्यूरो।** जिले में रविवार को सुबह से ही रुक-रुककर बूंदाबांदी और रिमझिम बारिश होती रही। इससे सर्दी का असर एक बार फिर बढ़ गया है। दोपहर 2ः30 बजे तक धूप के दर्शन नहीं हुए। दोपहर के समय ऐसा लगा मानो शाम हो गई हो। मौसम के जानकार आने वाले सोमवार को सर्दी का असर और भी ज्यादा बढ़ने का अनुमान जता रहे हैं। रविवार को जिले का न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस रहा। सुबह 4ः00 बजे हल्की बूंदाबांदी होने के बाद कुछ घंटे के लिए बारिश का दौर थम गया लेकिन घने बादल छाए रहे। करीब 10 से 11 बजे एक बार फिर से कहीं बूंदाबांदी तो कहीं रिमझिम बारिश शुरू हो गई। यह बारिश करीब 15 से 20 मिनट तक हुई, जिसकी वजह से मौसम का मिजाज एक बार फिर से बदल गया। लोग पिछले दिनों दोपहर के समय तेज धूप निकलने की वजह से गर्मी के सीजन जैसा अनुभव महसूस कर रहे थे। रविवार को बारिश होने और आसमान पर बादल छाए रहने की वजह से लोग फिर से सर्दी वापस लौटने की बात कहने लगे हैं। अचानक बदलते हुए इस मौसम की वजह से लोगों की सेहत पर असर पड़ सकता है, इसे लेकर डॉक्टर भी लोगों को सलाह दे रहे हैं कि इस बदलते हुए मौसम में ज्यादा केयर करने की जरूरत है। सबसे ज्यादा जरूरत बच्चे, बुजुर्ग और बीमार लोगों को है। सर्दी, खांसी या बुखार होने पर तत्काल डॉक्टरों की सलाह लेने की बात डॉक्टर्स ने कही है।

# खेल प्रतिभा को आगे बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे: असलम

**- जिलास्तरीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ**



**श्योपुर ब्यूरो।** श्योपुर जिला खेल संसाधन विहीन जिला हैं, लेकिन यहां प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। जिले की प्रतिभाओं ने कई बार राष्ट्रस्तर पर चमककर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कराया है। पर जिले में इन्हें तलाशने और तराशने का अवसर कम ही मिल रहा है। हम अपनी ओर से खेल प्रतिभाओं को निखारने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। खेल संगठन हम से जब भी जैसा सहयोग चाहेंगे वैसा करेंगे। यह बात रविवार को किला रोड ग्राउंड पर बाबा ईंट उद्योग के सहयोग से आयोजित टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए उद्योग के संचालक मिर्जा असलम बेग ने कहीं। उद्घाटन मैच में नेशनल क्रिकेट क्लब ने अब्बासी क्रिकेट क्लब को हराकर जीत हांसिल की है। टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरा अब्बासी क्लब ने 8 विकेट के नुकसान पर निर्धारित 10 ओवरों में 79 रन बनाए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी नेशनल क्रिकेट क्लब के खिलाड़ी शुरूआत में लड़खडाए जरूर, लेकिन बाद में उसके बल्लेबाजों ने अब्बासी क्लब के गेंदबाजों की जमकर धुनाई की और निर्धारित ओवरों से ही पहले 7 विकेट खोकर जीत हांसिल कर ली।

इस रोमांचक मुकाबले में नेशनल क्रिकेट क्लब तीन विकेट से विजयी घोषित किया गया है। आयोजकों की ओर टूर्नामेंट के विजेता को 21 हजार एवं उपविजेता को 11 हजार का नगद पुरस्कार देने की घोषणा की हैं।

# चंबल स्टेडियम में व्हील चेयर क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ आयोजन

**डीएफओ ने किया विजेताओं को पुररूस्कृत**



**मुरैना।** आज मुरैना स्थित चंबल स्टेडियम में व्हील चेयर क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित किया गया। टूर्नामेंट में उत्तराखंड, तमिलनाडू एवं मध्यप्रदेश की टीम ने भाग लिया। राठी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित दो दिवसीय टूर्नामेंट में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त तमिलनाडू से आई टीम को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का आयोजन राठी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये वनमंडलाधिकारी डॉ स्वरूप दीक्षित ने कहा कि इस टूर्नामेंट की वजह से चंबल संभाग उमंग व उत्साह से भर गया है। यह आगे आने वाले समय में समाज में नई चेतना का संचार करेगा। राठी चैरिटेबल ट्रस्ट के डॉ विवेक राठी ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुये आग्रह किया कि समाज द्वारा दिव्यांगजनों का हौसला बढ़ाने एवं उन्हें सशक्त बनाने के लिये प्रयास किये जाने चाहिये। हमारे द्वारा उनके विकास में बढ़ाये गये दो कदम उनके जीवन को सकारात्मक ऊर्जा से भरने के लिये प्रेरणादायी होंगे।

टूर्नामेंट के समापन अवसर पर वनमंडलाधिकारी श्री स्वरूप दीक्षित द्वारा विजेता टीम को ट्रॉफी एवं मेडल देकर पुरूस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में राठी चैरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्ष श्रीमती माया राठी एवं डॉ रितू राठी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुये आभार व्यक्त किया।

### घर से बिना बताए युवती लापता, गुमशुदगी दर्ज

**श्योपुर ब्यूरो।** कराहल थाना क्षेत्र के गोरस से एक युवती बिना बताए घर से कहीं चली गई, जिसकी कहीं पता नहीं चला। स्वजनों की शिकायत पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गोरस निवासी 20 वर्षीय सीता 1 फरवरी की सुबह बिना बताए घर से कहीं चल गई। जब युवती काफी देर तक घर पर नजर नही हाई तो उसकी तलाश शुरू की लेकिन कहीं पता नहीं चला। इसके बाद पिता दीपचंद पुत्र घासी गुर्जर ने थाने में पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने स्वजनों की शिकायत पर गुमशुदगी दर्ज कर ली है।

### अभिलाषा निशुल्क कोचिंग का शुभारंभ 14 से

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर संजय कुमार के निर्देशन में जिला प्रशासन की पहल पर बड़ौदा में भी प्रतियोगी परीक्षा जैसे एसएससी, टीचर, पुलिस इत्यादि की तैयारी के लिए अभिलाषा निःशुल्क कोचिंग 14 फरवरी से शुरू हो रही है, प्रतिदिन कक्षाओं का संचालन शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल, नगर पालिका के सामने बड़ौदा में शाम 5.30 से 7.30 बजे तक होगा। इच्छुक छात्र एवं छात्राएं अपना रजिस्ट्रेशन नीचे दिए गए, गूगल लिंक या क्यूआर कोड के माध्यम से करा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए डॉ. बीरेंद्र सिंह, सहायक प्रोफेसर भौतिकी विभाग, शासकीय आदर्श गर्ल्स कालेज, श्योपुर, मोबा नंबर 9717580138 से संपर्क कर सकते है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 13 फरवरी है।

# फेम ट्रिप के दूसरे दिन आईएटीओ ने की बर्ड वाचिंग और शहर की ऐतिहासिक धरोहरें भी देखीं

**ग्वालियर। (न.सं.)**

फेम ट्रिप पर ग्वालियर आये आईएटीओ के 60 सदस्यीय दल ने अपने प्रवास के दूसरे दिन सुबह सुबह तिघरा जलाशय पहुंचकर सुंदर व आकर्षक प्रवासी पक्षियों की जलक्रीड़ा व कलरव का आनंद लिया। इसके बाद शहर की ऐतिहासिक धरोहर देखने यह दल पहुँचा। इन धरोहरों में जयविलास पैलेस, मोतीमहल व बैजाताल इत्यादि शामिल हैं।

शहर में देशी-विदेशी पर्यटकों की संख्या बढ़ाने और स्थानीय पर्यटन स्थलों का अधिक से अधिक प्रचार करने के उदेश्य को लेकर जिला प्रशासन, स्मार्ट सिटी कारपोर्रेशन और पर्यटन विभाग द्वारा यह फेम ट्रिप आयोजित की गई है। जिसमें देशभर से आये इंडियन एसोसिएशन आफ टूर आपरेटरर्स (आइएटीओ) के सदस्य ग्वालियर भ्रमण पर आए हैं। मनोरम तिघरा जलाशय पर फेम ट्रिप में शामिल सदस्यों को पक्षी विशेषज्ञ संजय दत्त शर्मा ने प्रवासी पक्षियो के बारे मे विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान सदस्यो ने रेड क्रेस्टेड पोचार्ड, सुरखाब, नोर्दन शाँवलर एवं पिनटेल जैसे प्रवासी पक्षियो को देखा। साथ ही इस क्षेत्र मे कम दिखाई देने वाली फ्लेमिंगोस को देखकर दल के सदस्य रोमांच से भर गए। दल के सदस्यो ने क्रूज व जलपरी मे



नौका विहार भी किया। इस दल ने तिघरा जलाशय पर लगभग 2 घंटे का समय बिताकर प्रवासी पक्षियों की जलक्रीड़ा देखी।

तिघरा जलाशय के भ्रमण के बाद फेम ट्रिप के सदस्यों ने जय विलास पैलेस व मोतीमहल की ऐतिहासिक घरोहरो का भ्रमण किया। मोतीमहल की अद्वितीय स्थापत्य कला मसलन दरबार हाँल, जालियों की नक्कासी, जलनिकास प्रणाली व पेंटिंग देखकर फेम ट्रिप के सदस्य हतप्रभ रह गए। साथ ही बैजाताल के तैरते रंगमंच ने भी उन्हें खासा प्रभावित किया। दल के सदस्यों ने मोतीमहल परिसर में स्थित ग्वालियर स्मार्ट सिटी के कंट्रोल कमांड सेंटर व आईटीएमएस का भी मुआयना किया।

**अधिकारियों के साथ ग्वालियर के पर्यटन को लेकर की गोल टेबल चर्चा :** शनिवार की शाम फेम ट्रिप के सदस्यों ने ग्वालियर के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों से मुलाकात कर ग्वालियर के पर्यटन विकास को लेकर गोल टेबल पर चर्चा की। इस दौरान संभाग आयुक्त दीपक सिंह, कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश चंदेल एवं स्मार्ट सिटी सीईओ श्रीमती नीतू माथुर व अन्य अधिकारी और कर्मचारी सहित आईएटीओ के पदाधिकारी विशेष रुप से उपस्थित थे।

इस अवसर पर आइएटीओ के पदाधिकारियो ने ग्वालियर को पर्यटन के क्षेत्र मे अग्रणी बनाने के लिये किये जा रहे प्रयासो को लेकर जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियो का आभार व्यक्त किया व अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिये। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा पर्यटन को लेकर किये जा रहे विकास कार्य व योजनाओ के बारे मे दल के सदस्यो को अवगत कराया। इस दौरान दल के सदस्यो ने ग्वालियर और इसके आसपास के पर्यटन स्थलो पर केन्द्रित 12 मिनट की फिल्म भी देखी। फेम ट्रिप के तहत देशभर से आये आइएटीओ दल के सदस्यो ने शाम को महाराज बाडा पहुंचकर डिजीटल म्यूजियम व महाराज बाडा की फसाड लाइटिंग से रोशन हेरिटेज धरोहरों को भी देखा और टाउन हाँल मे आयोजित संगीत कार्यक्रम का आनंद लिया।

# नए एयर टर्मिनल का प्रधानमंत्री मोदी करेंगे उदघाटन

## संभाग आयुक्त सिंह ने जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ किया स्थल निरीक्षण

**ग्वालियर। (न.सं.)**

राजमाता विजयाराजे सिंधिया विमानतल के नए एयर टर्मिनल का कार्य लगभग पूर्ण हो गया है। आगामी दिनों में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा इस नए टर्मिनल का लोकार्पण प्रस्तावित है। संभागीय आयुक्त श्री दीपक सिंह ने रविवार को जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ नए टर्मिनल के साथ ही आयोजित होने वाले लोकार्पण समारोह की व्यवस्थाओं को लेकर निरीक्षण किया।



प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की प्रस्तावित यात्रा एवं समारोह के दृष्टिगत समारोह स्थल के साथ ही पार्किंग व्यवस्था एवं अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में निरीक्षण के दौरान विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष श्री अभय चौधरी, पूर्व विधायक श्री रमेश अग्रवाल, कलेक्टर श्री अक्षय कुमार सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री राजेश चंदेल, नगर निगम आयुक्त श्री हर्ष सिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजू अरूण कुमार, एडीएम श्री टी एन सिंह, एयरपोर्ट अथॉरिटी के अधिकारीगण और विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

संभागीय आयुक्त श्री दीपक सिंह ने कहा कि आयोजन में शामिल होने वाले नागरिकों को कार्यक्रम स्थल के आसपास पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से भी सभी प्रबंधन किए जाएँ। उन्होंने जिला कलेक्टर श्री अक्षय कुमार सिंह से भी कहा है कि आयोजन के संबंध में विभागीय अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपते हुए विस्तृत रणनीति बनाएँ। इस संबंध में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ भी बैठक कर कार्यक्रम की रूपरेखा की तैयारियाँ समय रहते करें।

# वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप तोमर के पिताजी के निधन पर पुष्पांजलि सभा आज



**ग्वालियर। (न.सं.)**

शहर के वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप तोमर के स्व. पिताजी पूर्व सरपंच प्रीतम सिंह तोमर का गत दिवस असमय निधन हो गया था । स्व.श्री तोमर के निधन पर सोमवार ( आज ) को फूलबाग स्थित ग्वालियर प्रेस क्लब में श्रदांजलि सभा का आयोजन अपरान्ह तीन बजे से शाम चार बजे तक होगी ।

# किसान मेले में हजारों किसानों ने जानी उन्नत कृषि तकनीक

**ग्वालियर। (न.सं.)**

राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर में चल रहे चार दिवसीय मेले में आज हजारों किसानों, विद्यार्थियों व नगरजनों ने भाग लिया गया। उन्होंने कृषि से जुडी नई तकनीकों, पौध, फल, शाक सब्जी की नई किस्मों, उन्नत कृषि व सिंचाई उपकरणों, श्रीअन्न के द्वारा निर्मित पोषक उत्पादन तथा खाद्य प्रसंस्करण के नए-नए प्रयोग को देखा और सराहा। किसानों का कहना था कि क्षेत्र में पहली बार इतनी भव्य एवं उपयोगी प्रदर्शनी लगने से हमें बहुत कुछ जानने को मिला है, इसका लाभ आगे चलकर हमारी खेती में होगा। विश्वविद्यालय के परिसर में आयोजित यह मेला दिनांक 6 फरवरी तक जारी रहेगा



किसान मेला एवं अंतराष्ट्रीय कृषि तकनीकी प्रदर्शनी में दूसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रगतिशील किसान एवं पूर्व मंत्री भारत सिंह कुशवाह ने कहा हमारा प्रदेश निरंतर किसानों के लिए प्रशंसनीय कार्य कर रहा है इसलिए इसे लगातार सात बार कृषि कर्मण पुरस्कार भी प्रदान किया गया है। कृषि विश्वविद्यालय ग्वालियर भी लगातार किसान हितैषी कार्यों में लगा हुआ है इसके इन प्रयासों का एक सफल रूप इस मेले व प्रदर्शनी में हम देख सकते है। विश्वविद्यालय द्वारा किसानों को एकत्र कर हमारे कृषि वैज्ञानिकों को ध्यानपूर्वक सुनने व मार्गदर्शन प्राप्त करने का अवसर प्रदान किया जिसका इससे लाभ लेकर गुणवत्तापूर्ण फसलों का उत्पादन करें। मेले में उन्नत तकनीकों, कृषि यंत्रों व मशीनों का भ्रमण करके अध्ययन करें कि कम पानी, कम उर्वरक का प्रयोग करके अधिक उत्पादन कैसे प्राप्त किया जा सकता है। कुशवाहा ने कहा कि रबी और खरीफ की फसलों के साथ-साथ उद्यानिकी में भी काफी अवसर है। प्रदेश के किसान परंपरागत खेती को छोड़कर नई तकनीक के साथ खेती कर प्रगतिशील किसान बन सकते है।

इस अवसर पर कृषि विश्वविद्यालय द्वारा कृषि वैज्ञानिक डॉ. आर.के. द्विवेदी, डॉ. एम. के. भार्गव, डॉ. प्रियदर्शनी खंबालकर तथा उत्कृष्ट कार्य हेतु कृषक दिनेश परमार, घमंडीलाल, सागर पाटीदार, गौरव बग्गड़, शिवचंद पाटीदार, गोकुल त्रिरोल, जयदीप सिंह तोमर, डॉ. योगेन्द्र कौशिक को सम्मानित किया गया। ट्रांसवर्ल्ड इंटरप्राइजेज के अनूप सिंह आनंद की ओर से अतिथियों को भेंट प्रदान की गई। कार्यक्रम में रानी लक्ष्मीबाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झांसी के कुलसचिव एन.के. श्रीवास्तव, कृषि विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. अरविन्द कुमार शुक्ला, निदेशक विस्तार सेवायें डॉ. वाय.पी. सिंह निदेशक अनुसंधान सेवायें डॉ. संजय शर्मा, कुलसचिव श्री अनिल सक्सेना भी उपस्थित रहें।

# बूथ चलो अभियान को लेकर मंडल कार्यशालाएं संपन्न

**ग्वालियर। (न.सं.)**

कार्यकर्ता प्रत्येक बूथ पर 2023 विधानसभा चुनाव में मिले मतों में 10 प्रतिशत वोट बढ़ाने का संकल्प लेकर हर घर एवं हर मतदाता तक पहुंचें। संगठन ने जो विस्तारक भेजने का निर्णय लिया है हम घर-घर जाकर अपनी विचारधारा के लोगों को भाजपा से जोड़कर अपने बूथ को मजबूती प्रदान करेंगे। यही 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रचंड जीत का मुख्य आधार होगा। इस अभियान के माध्यम से केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को भी हमें घर-घर जाकर बताना है, ताकि योजना का लाभ उन्हें मिले। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.



मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश विकसित संकल्प की ओर आगे बढ़ रहा है।

यह बात रविवार को जिला उपाध्यक्ष अरूण कुलश्रेष्ठ ने विनय नगर स्थित राजीव गांधी सामुदायिक भवन में आयोजित संत रविदास मंडल की मंडल कार्यशाला कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष आकाश श्रीवास्तव, वरिष्ठ नेता नरेंद्र पालसिंह भदौरिया, धर्मेंद्र सिंह तोमर, जागेष्वर सिंह भदौरिया, गिरीश इंदापुरकर, मंजू राजपूत, रामनिवास तोमर, विहबल सिंह सेंगर, सतीश खटीक, डॉ. राकेश रायजादा, डॉ. अंजलि रायजादा, नितिन शिंदे, भीकम खटीक सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वहीं रानी लक्ष्मीबाई मंडल की मंडल कार्यशाला किलागेट स्थित अग्रवाल मैरिज गार्डन पर जिला महामंत्री विनय जैन के मुख्यातिथ्य में संपन्न हुई। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मनमोहन पाठक, अशोक जादौन, विनोद अष्टैया, केशव मांझी, रेखा धोलाखंडी, महेश भदौरिया, ज्योति पाठक, तृप्ति भटनागर सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

अटल विहारी वाजपेयी मंडल की मंडल कार्यशाला अग्रवाल धर्मशाला दौलतगंज में जिला महामंत्री विनोद शर्मा के मुख्यातिथ्य में संपन्न हुई। इस अवसर पर विवेक जोशी, मंडल अध्यक्ष मनोज मुटाटकर, जंगबहादुर सिंह तोमर, घनश्यामदास अहिरवार, प्रमोद चौहान, भारत शाक्य, आशीष पांडेय, गौरव वाजपेयी, हेमंत चौपड़ा, दीपक शिवहरे आदि उपस्थित थे। स्वामी विवेकानंद मंडल की मंडल कार्यशाला रॉक्सीपुल स्थित लिटिल फ्लावर स्कूल में जिला महामंत्री विनोद शर्मा के मुख्यातिथ्य में संपन्न हुई। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष री चेतन मंडलोई, रूकमणि जोशी आदि उपस्थित रहे। भाजपा जिलाध्यक्ष अभय चौधरी ने बताया कि 9 फरवरी को ग्वालियर पूर्व विधानसभा का, 10 फरवरी को ग्वालियर दक्षिण विधानसभा का एवं 11 फरवरी को ग्वालियर विधानसभा का बूथ चलो अभियान संपन्न होगा।

# पुलिस ट्रेनिंग स्कूल तिगरा परिसर में 100 पौधों का किया गया वृक्षारोपण

**ग्वालियर। (न.सं.)**

ग्वालियर हरा भरा ग्वालियर, हारा-भारत भारत, हरी -भरी पृथ्वी जय हिंद वृक्ष लगाओ जीवन बचाओ वृक्ष लगाओ ऑक्सीजन पायो एक पेड़ 100 पुत्र के समान स्लोगन लगाकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं साथ ही रविवार को पुलिस ट्रेनिंग स्कूल तिगरा में एस पी पी टी एस सुमन गुर्जर सीडीआई राम लखन शर्मा के मार्गदर्शन में पुलिस ट्रेनिंग स्कूल प्रांगण में 100 पौधों का वृक्षारोपण



असी भानुप्रताप सिंह गुर्जर एवं उनकी टीम द्वारा किया गया है।

# दो इनामी आरोपियों को पुलिस ने करेहधाम मंदिर के पास जंगल से किया गिरफ्तार

## पकड़े गये आरोपियों की गिरफ्तार पर 2-2 हजार रूपये का इनाम घोषित था

**ग्वालियर। (न.सं.)**

थाना डबरा सिटी क्षेत्रान्तर्गत सूर्य नगर रोड पर आधा दर्जन बदमाशों द्वारा पुरानी रंजिश पर से फरियादी भरत यादव निवासी ग्राम करमई कला थाना भौती जिला शिवपुरी व उसके दोस्तों पर जान से मारने की नियत से फायर किये थे। जिसमें फरियादी के दोस्त विपिन यादव को गोली लगने से मृत्यु हो गई थी। फरियादी की रिपोर्ट पर से थाना डबरा सिटी में चार नामजद व दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अप0क्र0 82/24 धारा 302,341,147,148,149 भादवि का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

उक्त हत्या की घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक ग्वालियर राजेश सिंह , द्वारा अति0 पुलिस अधीक्षक देहात निरंजन शर्मा को पुलिस की टीम बनाकर सभी आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया। अति0 पुलिस अधीक्षक देहात द्वारा घटना स्थल पर जाकर निरीक्षण किया और पुलिस अधिकारियों को हत्या के आरोपियों की गिरफ्तार हेतु मुखबिर तंत्र सक्रिय करने हेतु निर्देशित किया। उक्त हत्या की घटना में वांछित तीन आरोपियों की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक ग्वालियर द्वारा 2-2 हजार रूपये का इनाम भी घोषित किया गया। एसडीओपी डबरा श्री उमेश गर्ग के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी डबरा सिटी व पुलिस टीम द्वारा दिनांक 04.02.2024 को दौराने विवेचना तकनीकी साक्ष्य व मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस को जानकारी प्राप्त हुई कि उक्त हत्या की घटना में वांछित फारर इनामी आरोपी जिला मुरैना के थाना नूराबाद क्षेत्रान्तर्गत करेह धाम मंदिर के पास वाले जंगल में देखे गये हैं। उक्त सूचना से वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को अवगत कराया गया और पुलिस की एक टीम को मुखबिर सूचना की तस्दीक कर आरोपियों को पकड़ने हेतु भेजा गया। पुलिस टीम द्वारा करेह धाम मंदिर के पास वाले जंगल में घेराबंदी कर दो फरार इनामी आरोपियों को पकड़ लिया गया। नाम व पता पूछने पर उन्होने स्वयं को सूर्य नगर बल्ला का डेरा डबरा का रहने वाला बताया। उक्त हत्या के संबंध में पूछने पर उन्होने पुरानी रंजिश होना बताया। पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये आरोपियों से हत्या की घटना व अन्य आरोपियों के संबंध में विस्तृत पूछताछ की जा रही है। ज्ञात हो कि फरियादी भारत यादव निवासी ग्राम करमई कला थाना भौती जिला शिवपुरी ने थना डबरा सिटी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी दिनांक 02.02.2024 को वह तथा संदीप यादव, असर्फी यादव, छोटू यादव, दुर्ग सिह यादव, विपिन यादव हम सब स्कॉर्पियो गाड़ी से सूर्य नगर नहर वाली रोड होते संदीप यादव के घर पर जा रहे थे।

# बाल सम्प्रेक्षण गृह की दीवार फांदकर फरार हुये बाल अपचारियों में से एक बाल अपचारी को थाना सिरोल पुलिस ने अभिरक्षा में लिया

**ग्वालियर।** बाल सम्प्रेक्षण गृह थाटीपुर ग्वालियर से दिनाक 25.01.2024 को 06 बाल अपचारी दीवाल फांदकर फरार हो गये थे, जिसमें थाना सिरोल के अप0क्र0 442/23 धारा 363 भादवि इजाफा धारा 366, 366ए, 376(3) भादवि 1/4 पॉक्सो एक्ट का बाल अपचारी भी था। उक्त मामले को गंभीरता से लेते हुये पुलिस अधीक्षक ग्वालियर राजेश सिंह चंदेल, के निर्देश पर पुलिस की टीमों को फरार हुये बाल अपचारियों को अभिरक्षा में लेने के लिये लगाया गया था। दिनांक 03.02.2024 को थाना सिरोल पुलिस को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि बाल सम्प्रेक्षण गृह थाटीपुर से दीवाल फांदकर भागे बाल अपचारियों में एक बाल अपचारी थाना सिरोल क्षेत्र में स्थित कलारी तिराहा, गोयल वाटिका के पास देखा गया है।

# पुलिस टीम ने "एमएलबी कॉलोनी" में अभियान चलाकर छात्र-छात्राओं को महिला अपराधों के प्रति जानकारी देकर किया जागरूक

**ग्वालियर। (न.सं.)**

पुलिस अधीक्षक ग्वालियर राजेश सिंह चंदेल, के निर्देश तथा अति. पुलिस अधीक्षक शहर(मध्य) अखिलेश रैनवाल एवं डीएसपी महिला सुरक्षा ग्वालियर श्रीमती किरण अहिरवार के मार्गदर्शन में ग्वालियर जिले के विभिन्न स्कूलों, शैक्षणिक संस्थानों व सार्वजनिक स्थानों पर महिला सुरक्षा हेतु जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान के तहत आज दिनांक 04.02.2024 को थाना पड़ाव क्षेत्रान्तर्गत एमएलबी कॉलोनी के कम्युनिटी हॉल में उपस्थित छात्र- छात्राओं व आमजन को आजकल हो रहे अपराधों, महिला संबंधी तथा गुड टच बेड टच के संबंध में निर्भया मोबाइल की उप निरीक्षक मधु बंसल द्वारा जानकारी देकर जागरूक किया गया। इस अवसर पर निर्भया मोबाइल का पुलिस स्टाफ भी उपस्थित रहा।



वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशानुसार डीएसपी महिला सुरक्षा ग्वालियर श्रीमती किरण अहिरवार के मार्गदर्शन में निर्भया मोबाइल टीम की उप निरीक्षक मधु बंसल द्वारा आज एमएलबी कॉलोनी के कम्युनिटी हॉल में उपस्थित छात्र-छात्राओं व आमजन को आजकल हो रहे अपराधों व महिला संबंधी अपराध, तथा गुड टच बेड टच आदि के संबंध में जानकारी देकर जागरूक किया गया तथा उन्हे मध्यप्रदेश पुलिस की डायल 100/112 सेवा तथा 1090 महिला हेल्पलाइन से भी अवगत कराया गया और उपस्थित छात्राओं को बताया गया कि किसी भी आपात स्थित में तत्काल पुलिस को सूचित करें। उपस्थित छात्राओं को बेटी की पेटी के संबंध में अवगत कराया गया कि वह किस प्रकार अपनी शिकायत पेटी में डाल सकती हैं और अपनी शिकायत कैसे कर सकती हैं इसके संबंध में जानकारी दी गई। एमएलबी कॉलोनी में अनावश्यक घूम रहे लड़कों को भी निर्भया मोबाइल टीम द्वारा हिदायत दी गई।

# 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं आज से , 50808 परीक्षार्थी देंगे परीक्षाएं

**ग्वालियर। (न.सं.)**

जिले में माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित की जा रहीं 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं को सुव्यवस्थित एवं नकल रहित सम्पन्न कराने के लिये जिला प्रशासन द्वारा पुख्ता तैयारियाँ की गई हैं। जिले में 10वीं कक्षा की परीक्षा 5 फरवरी से एवं कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा 6 फरवरी से शुरू हो रही है। परीक्षा के प्रश्न पत्र गोपनीयता के साथ निर्धारित केन्द्रों तक पहुँचे और बच्चे तनाव मुक्त वातावरण में परीक्षा दें, यह सुनिश्चित करने के लिये विशेष प्रयास किए गए हैं। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह के निर्देशन में परीक्षा की शुचिता बनाये रखने के लिये विशेष कदम उठाये गये हैं। उन्होंने परीक्षा में संलग्न सभी अधिकारी ङ्ग कर्मचारियों से पूरी तरह सतर्क व मुस्तैद




रहकर सुव्यवस्थित ढंग से परीक्षाएँ सम्पन्न कराने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर सिंह ने बोर्ड परीक्षा सम्पन्न कराने के लिये माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा जारी किए गए दिशा-निर्देशों का अक्षरश ः पालन कर परीक्षाएँ सम्पन्न कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया है कि पुलिस थाने पर कलेक्टर प्रतिनिधि सहित सभी संबंधित अधिकारी निर्धारित समय पर पहुँच जाएँ। परीक्षा केन्द्र पर कलेक्टर प्रतिनिधि की मौजूदगी में केन्द्राध्यक्ष प्रात ः 8.30 बजे प्रश्न-पत्र के बॉक्स खोल सकेंगे। इससे पहले प्रश्न-पत्र के बॉक्स कदापि न खोले जाएँ। इसी तरह बॉक्स से पेपरों के सील बंद पैकेट्स परीक्षा कक्ष में प्रात ः 8.45 बजे पहुँचाएँ। परीक्षा कक्ष में पर्यवेक्षक प्रात ः 8.55 बजे तक सील पेपर खोलकर परीक्षार्थियों को वितरित करेंगे। जो प्रश्न-पत्र शेष बचेंगे, उन्हें पर्यवेक्षक केन्द्राध्यक्ष कार्यालय में विधिवत जमा करेंगे।

## संपादकीय

# वापसी के भरोसे वाला बजट भाषण

**अजीत द्विवेदी**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नए संसद भवन में जो पहला बजट भाषण पढ़ा है वह नीतिगत दस्तावेज कम और खर्च का लेखा-जोखा ज्यादा है। वैसे अंतरिम बजट ऐसा ही होना चाहिए। पांच बजट पेश करने के बाद जाती हुई सरकार को नीतिगत घोषणाएं करने की बजाय सिर्फ हिसाब किताब रखना चाहिए और चुनाव के बाद तक के लिए जरूरी खर्च की अनुमति लेनी चाहिए। इस लिहाज से देखें तो निर्मला सीतारमण के भाषण को अंतरिम बजट का टेक्स्ट बुक भाषण कह सकते हैं। उन्होंने खर्च का लेखा-जोखा पेश किया लेकिन चुनाव को ध्यान में रखते हुए ज्यादा जोर यह बताने पर दिया कि उनके पहले के पांच बजटों से क्या क्या हासिल हुआ है या 10 साल के नरेंद्र मोदी के शासन में देश में क्या क्या सुधार हुए हैं। उन्होंने 10 साल की उपलब्धियों के आंकड़े पेश किए। वैसे एक पुरानी कहावत है कि झूठ तीन तरह के होते हैं- झूठ, सफेद झूठ और आंकड़े। बहरहाल, वित्त मंत्री ने बताया कि नरेंद्र मोदी के शासन में आयकर भरने वालों की संख्या में ढाई गुना की बढ़ोतरी हुई है और सरकार के प्रयासों से पिछले 10 साल में 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला गया है। उन्होंने बताया है कि मनमोहन सिंह के दस साल यानी 2004 से 2014 के बीच आए विदेशी निवेश के मुकाबले 2014 से 2024 के बीच दोगुना विदेशी निवेश आया है। कुछ और बड़े आंकड़े हैं जैसे कि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के तहत 34 लाख करोड़ रुपए लोगों के खाते में डाले गए। पीएम मुद्रा योजना के तहत 22.5 लाख करोड़ रुपए का कर्ज दिया गया। मुफ्त राशन से 80 करोड़ लोगों के खाने की चिंता खत्म हुई। करीब डेढ़ करोड़ युवाओं को कौशल विकास के तहत प्रशिक्षण दिया गया। 30 करोड़ कर्ज महिला उद्यमियों को बांटे गए। चार करोड़ किसानों को फसल बीमा का लाभ मिला तो 11 करोड़ से ज्यादा किसानों को सम्मान निधि का फायदा हुआ। इस तरह के आंकड़ों की लंबी सूची है, जिसे करीब एक घंटे के भाषण में वित्त मंत्री न पढ़ा। चुनाव से दो महीने पहले और क्या कहा जाता! उपलब्धियां बताने के बाद कुछ वादे भी किए गए। वित्त मंत्री ने कहा कि जिस तरह से गरीबों के लिए आवास की योजना है वैसे ही आवास योजना मध्य वर्ग के लिए शुरू की जाएगी। उनके लिए दो करोड़ घर बनाए जाएंगे। आशा बहनों को भी आयुष्मान योजना का लाभ दिया जाएगा। तीन करोड़ लखपति दीदी बनाएंगे। 40 हजार सामान्य रेल कोच को वंदे भारत जैसे कोच में बदला जाएगा। लक्षद्वीप के विकास पर ज्यादा खर्च किया जाएगा। इलेक्ट्रिक गाड़ियों को बढ़ावा देंगे और 50 साल में एक लाख करोड़ रुपए का ब्याज मुक्त कर्ज देंगे। नौ से 14 साल की लड़कियों के टीकाकरण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसमें सरवाइकल कैंसर का टीका भी शामिल है। अलग अलग समूहों के लिए इस तरह के कई और वादे हैं। उपलब्धियों और वादे के बाद कुछ जुमले भी वित्त मंत्री ने सुनाए। जैसे जीडीपी का मतलब 'गवर्नेस, डेवलपमेंट और परफॉरमेंस' होता है या एफडीआई का मतलब 'फर्स्ट डेवलप इंडिया' होता है। कुछ सचाई वाली तस्वीरें भी रखीं। जैसे सरकार को हर तरह के टैक्स से कुल 30 लाख करोड़ रुपए का राजस्व मिलेगा, जबकि खर्च 44 लाख करोड़ रुपए से कुछ ज्यादा का होगा। इसका मतलब है कि 14 लाख करोड़ रुपए का कर्ज लिया जाएगा। ध्यान रहे केंद्र सरकार देश की जीडीपी के 57 फीसदी के बराबर कर्ज ले चुकी है। 2014 में देश पर जो कर्ज 55 लाख करोड़ रुपए था वह अब 160 लाख करोड़ रुपए का हो गया है। राज्यों का कर्ज जोड़ें तो कुल जीडीपी के 85फीसदी तक कर्ज हो गया है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष को चिंता है कि भारत कहीं वेनेजुएला, यूनान या इटली वाली स्थिति को न प्राप्त हो। बजट भाषण में वित्त मंत्री ने साफ कहा कि टैक्स स्लैब में कोई छूट नहीं दी जाएगी। यानी मध्य वर्ग को आयकर में कोई राहत नहीं मिली है, जिसकी चुनावी साल में उम्मीद की जा रही थी। जीएसटी को लेकर भी वित्त मंत्री ने कुछ नहीं कहा। पेट्रोल, डीजल को जीएसटी में लाने या उसमें सुधार की कोई बात अंतरिम बजट में नहीं कही गई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के सस्ता होने की वजह से पेट्रोलियम उत्पादों के दाम कम होने की उम्मीद की जा रही थी लेकिन उत्पाद शुल्क में कटौती की कोई बात नहीं हुई। असल में सरकार सफलतापूर्वक यह झूठा नैरेटिव स्थापित करने में कामयाब हो गई है कि लोगों के टैक्स के पैसे से देश में विकास का काम होता है। राह चलता आदमी बताता है कि टैक्स के पैसे से सड़कें बनती हैं। यह अलग बात है कि वह उसी सड़क पर भारी भरकम टोल टैक्स चुका कर चलता है। उसके अलावा गाड़ी खरीदते समय रोड टैक्स देता है, पेट्रोल-डीजल पर 50 फीसदी तक शुल्क देता है और प्रति लीटर रोड इंफ्रास्ट्रक्चर का उपकर अलग से देता है। हकीकत यह है कि प्रति व्यक्ति आय के मामले में भारत दुनिया में 143वें स्थान पर है और आयकर, जीएसटी, उत्पाद शुल्क, हाउस टैक्स, रोड टैक्स, टोल टैक्स सहित दर्जनों तरह के टैक्स को मिला कर दुनिया में समग्र औसत टैक्स भारतीयों का सबसे ज्यादा है। भारत सरकार का टैक्स राजस्व पिछले 10 साल में तीन सौ फीसदी बढ़ा है। अब जीएसटी से सरकार को कॉरपोरेट और आयकर से ज्यादा राजस्व मिल रहा है। और हां, वेल्थ टैक्स सरकार ने खत्म कर दिया है। बहरहाल, वित्त मंत्री का बजट भाषण शुरू होने से ठीक पहले खबर आई कि सरकार ने कॉमर्शियल रसोई गैस के सिलेंडर की कीमत में 14 रुपए की बढ़ोतरी कर दी है। यह एक फैसला बजट को लेकर सरकार की सोच को बताने वाला है। सरकार ने दिखाया कि वह अगले चुनाव को लेकर इतने भरोसे में है कि अंतरिम बजट में कोई लोक लुभावन घोषणा करने की बजाय दाम बढ़ाने के सख्त फैसले कर रही है। उसने बताया कि अगला चुनाव जीतने के लिए एक टूल के तौर पर बजट का इस्तेमाल करने की जरुरत नहीं है। यह बात वित्त मंत्री ने अपने भाषण में भी कही। असल में सरकार मुफ्त अनाज योजना बढ़ाने सहित सारी लोक लुभावन घोषणाएं पहले ही कर चुकी है और दूसरे, सरकार को अयोध्या में रामलला की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा और ज्ञानवापी के तहखाने में आधी रात को हुई पूजा-अर्चना से ज्यादा उम्मीदें हैं।

# लोकसभा के पहले प्रदेश में भी दलबदल

**देवदत्त दुबे**

जब भी चुनाव आते हैं तब राजनीतिक दलों में दलबदल तेज हो जाता है। पिछले विधानसभा के चुनाव के दौरान भी बेधड़क दलबदल हुआ था और अब लोकसभा चुनाव के पहले एक बार फिर दलबदल की आहट सुनाई देने लगी है। हालांकि इस बार भाजपा से किसी दूसरे दल में जाने वाले कहीं दिखाई नहीं दे रहे लेकिन अन्य दलों से भाजपा में आने के लिए जरूर बातचीत चल रही है लेकिन कुछ बीजेपी में आए लोगों का हश्र देखकर और कुछ स्थानीय भाजपा नेताओं का विरोध दलबदल की राह में गति अवरोधक बना हुआ है। दरअसल, अब देश की राजनीति में दलबदल कोई ऐसा मुद्दा नहीं रहा जिससे कि शर्मिंदगी महसूस हो जिस तरह से राष्ट्रीय राजनीति में नीतेश कुमार ने दलबदल का परिणाम हर बार मुख्यमंत्री बनकर दिखाया है उससे अब वे राजनीतिज्ञ जो लंबा संघर्ष नहीं करना चाहते जो विपक्ष की बजाय सत्ता पक्ष की राजनीति करने में विश्वास रखते हैं वह जरूर इस समय भाजपा में एंट्री करने के दरवाजे तलाश रहे हैं और कुछ विपक्षी नेताओं को भाजपा के नेता ही ऑफर देकर भाजपा में बुला रहे हैं जिससे कि पार्टी के अंदर गुटबाजी के कारण पार्टी के नेताओं को स्थानीय स्तर पर कमजोर करने के लिए विरोधी दल के नेताओं को पार्टी में आमंत्रित कर रहे हैं। विधानसभा चुनाव के बाद पंचायत और नगर निगमों के जनप्रतिनिधि भाजपा ज्वाइन कर चुके हैं और कुछ महापौर और कुछ जिला पंचायत अध्यक्ष भाजपा ज्वाइन करने की राह पर है। बहरहाल, मंगलवार को विभिन्न सड़क परियोजनाओं का लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान जबलपुर में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की उपस्थिति में मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने कांग्रेस विधायक विधायक ओंकार सिंह मरकाम को जिस तरह से पार्टी में आने का ऑफर दिया उनसे कहा कि वह गलत पटरी पर बैठे हैं। मुख्यमंत्री जब ऐसा कह रहे थे तब विधायक ओमकार सिंह मरकाम हाथ जोड़ खड़े हुए और मुस्कुराते रहे। हालांकि बाद में उन्होंने इन सब बातों को बेबुनियाद बताया लेकिन पार्टी में विभिन्न अंचलों में विभिन्न स्तर पर स्थानीय समीकरणों के हिसाब से दलबदल को हवा दी जा रही है और इस दल बादल में कांग्रेस के साथ-साथ बसपा, सपा और आप के नेताओं को भी अपने नेताओं को संभालना मुश्किल हो सकता है क्योंकि भाजपा जिस तरह से हारी हुई बाजी भी जीत रही है उस अन्य दलों के नेताओं का मनोबल टूट रहा है और वे विपक्ष में रहकर संघर्ष करने की बजाय सत्ताधारी दल के साथ जुड़कर राजनीति करने में समझदारी समझ रहे हैं। कुल मिलाकर प्रदेश की राजनीति में एक बार फिर दलबदल का दौर आने वाला है हवा में वैसे तो कुछ बड़े नाम भी चल रहे हैं लेकिन स्थानीय स्तर पर समीकरणों के हिसाब से दल बदल किया जा सकता है।

### चंडीगढ़ में जो हुआ

सरसरी तौर पर जो हालात दिखते हैं, उनको लेकर संदेह खड़ा हुआ है। मेयर के चुनाव में इंडिया गठबंधन की जीत तय मानी गई थी। लेकिन कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) के साथ आने के बाद से जैसी घटनाएं हुई, उन्होंने सारे प्रकरण को संदिग्ध बना दिया है। चंडीगढ़ के मेयर के चुनाव का विवाद अब न्यायपालिका के दायरे में है। अब पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट इस पर फैसला देगा कि क्या पीठासीन अधिकारी ने आठ वोटों को गलत ढंग से अवैध करार देकर भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार को विजयी घोषित किया। बहरहाल, इस तरह का विवाद उठा, यही बड़ी चिंता की बात है। सरसरी तौर पर जो हालात दिखते हैं, उनको लेकर संदेह खड़ा हुआ है। नगर परिषद में इंडिया गठबंधन (आम आदमी पार्टी+ कांग्रेस) के 20 सदस्य हैं और भाजपा+ अकाली दल के 16. ऐसे में इंडिया गठबंधन की जीत तय मानी गई थी। लेकिन कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) के साथ आने के बाद से जैसी घटनाएं हुई, उन्होंने संदेह को जन्म दिया। पहले तो भाजपा के पदाधिकारी रह चुके एक व्यक्ति को पीठासीन अधिकारी बनाया गया। फिर 18 जनवरी को उस पीठासीन अधिकारी ने खुद के बीमार होने की बात कह कर अचानक चुनाव टाल दिया। आप और कांग्रेस का आरोप है कि सोमवार को उनके आठ पार्षदों के वोट पर खुद पीठासीन अधिकारी ने अतिरिक्त निशान बनाकर उन्हें अवैध करने का आधार बनाया। दोनों पार्टियों का दावा है कि यह सारी गतिविधि कैमरे में कैद है। ये दावे कितने ठोस हैं, इस पर कोर्ट के निर्णय का इंतजार रहेगा। लेकिन चुनाव प्रक्रिया को लेकर भारत में जिस तरह संदेह का वातावरण गहरा रहा है, वह चिंताजनक है। कुछ ही पहले यह सामने आया है कि चुनावों के लिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन बनाने वाली कंपनी बीईएल के निदेशक मंडल में चार भाजपा पदाधिकारियों को नियुक्त कर दिया गया है। इससे यह वाजिब सवाल उठा है कि जिस कंपनी की कार्य-प्रणाली में सर्वोच्च पारदर्शिता और निष्पक्षता जरूरी है, वहां किसी पार्टी विशेष के पदाधिकारी निदेशक कैसे रह सकते हैं? निर्वाचन आयोग में नियुक्तियों और इलेक्ट्रॉल बॉन्ड जैसे मुद्दों के कारण पहले ही चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता पर अनेक गंभीर सवाल उठ चुके हैं।

# भ्रष्टाचार एजेंडे पर नहीं

ट्रांसपैरेंसी इंटरनेशनल की जो कसौटियां आज हैं, वही दस साल पहले भी थीं। प्रश्न है कि अगर इन कसौटियों पर तैयार भ्रष्टाचार सूचकांक से उभरी सूरत को लेकर तत्कालीन सरकार की जैसी भ्रष्ट छवि बनी थी, तो आज वैसा ही क्यों नहीं हो रहा है?

भारत भ्रष्टाचार अवधारणा के सूचकांक पर भारत एक साल में आठ अंक गिर गया। लेकिन यह खबर मीडिया की सुर्खियों में उस तरह से नहीं आई है, जैसा दस साल पहले होता था। तत्कालीन यूपीए सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार का नैरेटिव बनाने में अंतरराष्ट्रीय संस्था ट्रांसपैरेंसी इंटरनेशनल (टीआई) की रिपोर्टों ने बड़ी भूमिका निभाई थी। लेकिन अब जबकि अंतरराष्ट्रीय सूचकांक में गिर कर भारत फिर लगभग दस साल पहले जितने ही स्थान पर पहुंच गया है, तब इसको लेकर शायद ही कोई शोरगुल है।

गौरतलब है कि 2012 में भारत टीआई सूचकांक में 94वें नंबर पर था। ताजा जारी 2023 के सूचकांक में वह 93वें स्थान पर है। यानी भारत को आज लगभग उतना ही भ्रष्ट देश समझा जा रहा है, जितना 12 साल पहले समझा गया था। टीआई के सूचकांक में कई खामियां हैं। इनमें सबसे बड़ी खामी यह है कि इसे सिर्फ पब्लिक सेक्टर में मौजूद भ्रष्टाचार से बनी अवधारणा के आधार पर तैयार किया जाता है। जबकि अर्थव्यवस्था के अधिक से अधिक निजीकरण होने के साथ निजी क्षेत्र में होने वाला भ्रष्टाचार सार्वजनिक व्यवस्था को प्रभावित करने वाला बड़ा पहलू बनता चला गया है।

फिर नीतिगत मामलों में चुनावी चंदे और मोनोपॉली घरानों के सरकारों पर बढ़ते नियंत्रण का पहलू भी अहम हो गया है। इन व्यवस्थागत पहलुओं का आकलन टीआई की रिपोर्टों में प्रतिबिंबित नहीं होता है। बहरहाल, टीआई की जो कसौटियां आज हैं, वही दस साल पहले भी थीं। प्रश्न है कि अगर इन कसौटियों पर तत्कालीन सरकार की भ्रष्ट छवि बनी थी, तो आज वैसा ही क्यों नहीं हो रहा है? संभवतः इसका एक कारण राजनीतिक कथानक तैयार करने के माध्यमों पर सत्ता पक्ष का कसता गया शिकंजा है।

साथ ही सिविल सोसायटी के संगठन या तो अपने राजनीतिक रुझानों की वजह से चुप हो गए हैं, या फिर वे इतने भयभीत हैं कि वे उन्हीं मुद्दों पर अब नहीं बोलते, जिनको लेकर एक समय वे अतिशय वाचाल होते थे। जबकि इस दौरान देश में पारदर्शिता और धुंधली हुई है। इसके बावजूद इस पर समाज आंदोलित नहीं है, तो यह भारतीय समाज पर एक प्रतिकूल टिप्पणी है।

## शब्द सामर्थ्य -322

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**
1. विचित्र, अद्भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 | ■ | ■ |
| 6 | | ■ | 7 | | | | 8 | ■ |
| 9 | | 10 | | ■ | | ■ | 11 | |
| 12 | | | ■ | 13 | | 14 | | ■ |
| ■ | 15 | | | | ■ | | ■ | 16 |
| 17 | ■ | | ■ | 18 | | | ■ | |
| 19 | | ■ | ■ | ■ | ■ | 20 | 21 | |
| | ■ | 22 | | 23 | | ■ | 24 | |
| 25 | | | ■ | 26 | | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 321 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्क | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |

## सू- दोकू क्र.322

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.321 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## राशिफल

**मेष** — आज आपका दिन नयी उमंगें लेकर आया है। काफी समय से किसी बात से परेशान लोग आज उसका समाधान ढूंढ लेंगे। लोगों के विचार और आपके बारे में बोली गई बातों के कारण आप मन ही मन उलझन में रहेंगे। इस राशि के स्टूडेंट आज अपनी पढ़ाई को लेकर उत्साहित होंगे और ज्यादा समय पढ़ाई में बीतेगा, यह देखकर आपके घर को खुशी होगी। आज जीवनसाथी के साथ समय बिताएंगे। परिवार में एक दूसरे को समझकर आगे बढ़ेंगे। आज आपका स्वास्थ फिट रहने वाला है।

**वृषभ** — आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। कारोबार में अपनी मेहनत से आगे बढ़ेंगे। आज कोई अच्छी खबर आपको मिलेगी। आज बच्चों के साथ समय बिताएंगे उनके मन की बातों को समझेंगे। काफी समय से आपके रिश्ते की बात चल रही थी वो जल्द पक्की होगी। आज आपके तय किए काम समय से पूरे होते हुए नजर आ रहे हैं साथ ही कुछ काम वक्त से पहले पूरे करने की वजह से प्रसन्नता होगी। आज बाहर के खाने को जहां तक हो सके अवॉयड करें। दोस्तों के साथ आज मूवी देखने का प्लान कर सकते हैं।

**मिथुन** — आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज व्यक्ति गत जीवन की जिम्मेदारियों का निर्वाहन करेंगे। इस राशि के राजनीतिज्ञों को लोगों का समर्थन मिलेगा। लोग आपके कार्यों की तारीफ करेंगे। पारिवारिक रिश्तों में मजबूती आयेगी। आपके दांपत्य जीवन में सुख सौहार्द की वृद्धि होगी। कारोबार में आज सेल में बढ़ोतरी होगी जिससे अच्छी खासी इनकम होगी। आज आपका स्वास्थ्य चुस्त-दुरुस्त रहेगा। मानसिक रूप से फिट रहेंगे। लवमेट अपनी गलतियों को समझकर रिश्ते को एक मौका देंगे।

**कर्क** — आज आपका दिन खुशी से भरा रहेगा। आपके कामों की गति धीमी रहेगी, लेकिन मित्रों के साथ आपके रिश्ते बेहतर रहेंगे। इसके साथ ही आप परिवार में सबको खुश रखने की कोशिश में लगे रहेंगे आपको अच्छा लगेगा। आज आपके अंदर त्याग और सहयोग की भावना रहेगी। आज बेटी के परीक्षा के अच्छे रिजल्ट से पारिवारिक माहौल खुशनुमा बनेगा। आज आपकी उलझने कम होंगी। आज आपको किसी रिश्तेदार को दिए धन की प्राप्ति होगी। साथ ही अधूरी कार्य योजनाओं को पूरा करेंगे।

**सिंह** — आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। इलेक्ट्रॉनिक्स के कारोबारियों को लाभ के योग बन रहे हैं। वैवाहिक जीवन में अपनापन बढ़ेगा। आज शाम का डिनर बाहर करेंगे। बच्चों के साथ आपसी लगाव बढ़ेगा। शिक्षकों के ट्रांसफर की परेशानियां खत्म होंगी। आप जहाँ चाहते हैं ट्रान्सफर वहीँ होगा। आर्थिक स्थिति में मजबूती आयेगी। आज व्यापार में सफलता के अनेक अवसर मिलेंगे। इस राशि के लवमेट की गलतफहमियां ख़त्म होंगी। स्वास्थ के लिहाज से आज का दिन बढ़िया रहेगा।

**कन्या** — आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपकी वाणी में कठोरता आ सकती है दूसरों के प्रति स्नेह भाव बनाएं रखें। पेट की समस्या से परेशान लोगों को ऑयली खाने से बचना चाहिए। आज संतान पक्ष से सुखद अनुभूति होगी। आज आपको आय के नवीन स्रोत मिलेंगे। दांपत्य जीवन के लिए थोड़ा समय निकालेंगे जिससे रिश्ते में अपनापन बढ़ेगा। आज बड़ों की सलाह मिलेगी साथ ही आपका अच्छा संपर्क जुड़ेगा। हर कदम पर दोस्तों का सहयोग मिलेगा।

**तुला** — आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपको किसी महत्वपूर्ण चर्चा में शामिल होने का मौका मिलेगा, जिसमें आपकी सहभागिता अच्छी खासी रहेगी। कोई प्रिय मित्र आपसे किसी विशेष विषय को लेकर बातचीत कर सकता है। आज कोई काम आपको सोंच विचार कर करना चाहिए। आपकी आय के मुकाबले खर्चों में अधिकता रहेगी। दांपत्य जीवन में संतोष की वृद्धि होगी। यात्रा का प्लान बना रहे हैं तो यात्रा सफल रहेगी। इस राशि के विद्यार्थी आज अपनी पढ़ाई में लापरवाही न करें।

**वृश्चिक** — आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा। आज दोस्त आपका मनोबल बढ़ाएंगे। आज आपके स्वास्थ में बेहतरी बनी रहेगी। आज सोंची हुई कार्य योजनाओं को पूर्ण करने में सफलता मिलेगी। जमीन जायदाद से जुड़े कार्य तेजी से आगे बढ़ेंगे। आज परिवार का कोई संपत्ति संबंधित समस्या सुलझ सकता है, जिसमें आपको वरिष्ठ सदस्यों की मदद भी मिलेगी। भाई व बहनों का सहयोग आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा और मां की किसी इच्छा की पूरी होने से आप खुश रहेंगे।

**धनु** — आज आपका दिन सुख शांति से भरा रहेगा। पुत्र पक्ष से सहयोग मिलेगा। आपसी रिश्ते में मिठास बढ़ेगी। इस राशि के लोगों का निर्माण कार्य जल्द पूरा हो जायेगा। राजनीति से जुड़े लोगों का समाज में प्रभाव बढ़ेगा। लोग आपके कार्य से खुश होंगे। आज आपको प्रमोशन से जुड़ी खबर मिल सकती है। ऑफिस में अपना रिकॉर्ड अच्छा बनाये रखें। दांपत्य जीवन में चल रही अनबन आज समाप्त होगी। जीवनसाथी के साथ तालमेल बेहतर बनेगा। इस राशि के प्रॉपर्टी डीलर्स की अटकी कोई डील फाइनल होगी।

**मकर** — आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज जिस भी क्षेत्र में आप मेहनत करेंगे उसमे उन्नति हासिल करेंगे। आज आपकी सभी परेशानियों का अंत होगा। सफलता की नयी किरण दिखाई देगी। आर्थिक क्षेत्र में विकास के योग बन रहे हैं। काफी समय से वाहन लेने का मन बना रहे हैं तो आज वाहन लेने में समय आपका साथ देगा। पढ़ाई में दोस्तों की सहायता मिलेगी। उनसे घनिष्टता बढ़ेगी। आज आपका स्वास्थ बेहतर बना रहेगा। महिलायें आज अपने कार्यों को समय रहते पूरा कर लेंगी।

**कुंभ** — आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आज आपके सोचे हुए कार्य एक-एक करके पूरे होते जायेंगे, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आज आपके कारोबार में सुखद बदलाव आयेगा, आय में बढ़ोतरी होगी। इस राशि के प्रतियोगी परीक्षा के छात्रों को समझदारी से तैयारी करनी चाहिए। लवमेट की काफी समय बाद कॉल पर बात होगी। माता पिता की जिम्मेदारियों को उठाने का पूर्ण प्रयास करेंगे। आज अचानक धन लाभ होने से आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

**मीन** — आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज परिवार में विशेष लोगों का आवागमन हो सकता है। आज आप इसकी तैयारी में व्यस्त रहेंगे। कविता लिखने के शौकीन लोगों को आगे बढ़ने का प्लेटफार्म किसी दोस्त की मदद से मिलेगा। आज आपके वैवाहिक जीवन में ढेरों खुशियां आएंगी। सरकारी विभाग के कर्मचारियों के वेतन में बढ़ोतरी हो सकती है। जल्द कोई अच्छी खबर मिलेगी। आज आपका स्वास्थ फिट रहेगा। छात्रों के लिये आज का दिन अच्छा है। किसी परीक्षा का परिणाम आपके पक्ष में आएगा।

# अमेरिका जवाब देगा या अनदेखी करेगा?

**श्रुति व्यास**

अमेरिका निशाने पर आने लगा है। उसकी थलसेना के सैनिकों पर हवाई हमला हुआ है! इजराइल-हमास लड़ाई के चौथे महीने में ऐसा लग रहा है कि अमेरिका भी लड़ाई में घसीट लिया जाएगा। गत 28 जनवरी को ईरान-समर्थित गुटों द्वारा ड्रोन और मिसाइलों से किये गए हमले में जॉर्डन में तीन अमरीकी सैनिक मारे गए और 34 घायल हुए।लड़ाई की शुरुआत से ही अमेरिका इन समूहों के निशाने पर था और अब तो मध्यपूर्व में इनके कम से कम 160 ठिकानों पर अमेरिका गोलीबारी कर चुका है। अट्ठाईस जनवरी की घटना कोरियाई लड़ाई के बाद से अमेरिका की थलसेना पर पहला जानलेवा हवाई हमला है।

इन हमलों पर राष्ट्रपति जो बाइडन की प्रतिक्रिया अब तक सावधानीपूर्ण रही है। बावजूद इसके कि उन पर रिपब्लिकनों का जबरदस्त दवाब है, जो चाहते हैं कि ईरान के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए। मगर बाइडन ने कभी ऐसा करने का वायदा नहीं किया। उन्होंने उन अधिकांश हमलों को नज़रअंदाज़ किया जिन्हें सफलतापूर्वक रास्ते में ही रोक लिया गया या जिनसे कुछ भी नुकसान नहीं हुआ या बहुत कम नुकसान हुआ। जो हमले ज्यादा गंभीर थे, उनके मामले में राष्ट्रपति ने सीमित जवाबी कार्यवाही की अनुमति दी। ऐसे कार्यवाहियों में लाल सागर में जहाजों पर हमले करने वाले यमन के हूतियों के खिलाफ कार्यवाही शामिल है। इनमें भी मुख्यतः इमारतों, हथियारों और अधोसंरचना को निशाना बनाया गया। बाइडन अब तक ईरान-समर्थित हूती समूह, जो यमन के बड़े इलाके पर राज करता है, पर नौ बार हमले करवा चुके हैं।बावजूद इसके लाल सागर में मची अफरातफरी ख़त्म होने का नाम नहीं ले रही है।

मगर 28 जनवरी के हमले को वे नज़रअंदाज़ नहीं कर सकते। बाइडन ने साफ़ नहीं किया कि अब उनका इरादा क्या है मगर उसी अंदाज़ में जवाब देने की बात उन्होंने ज़रूर कही। एक बयान में उन्होंने कहा, ÷जिन तीन अमेरिकी सैनिकों को हमने खोया है, वे उच्चतम दर्जे के देशभक्त थे। हम उनके गौरव और उनकी वीरता की बराबरी करने की कोशिश करेंगे। हम आतंकवाद से लड़ने की उनकी प्रतिबद्धता को आगे ले जाएंगे। और इसमें कोई संदेह नहीं कि अपनी पसंद के तरीके से और अपने पसंद के समय पर, हम उन लोगों का हिसाब करेंगे जो इसके लिए ज़िम्मेदार हैं।÷

जॉर्डन में अमरीकी सैनिकों की मौत ने रिपब्लिकनों को बाइडन पर हमलावर होने का मौका दिया है। उनका कहना है कि चूँकि बाइडन ने पिछले तीन महीनों में जबरदस्त हमले की इज़ाज़त नहीं दी इसलिए ईरान और उसके पिट्ठू समूहों को लगने लगा कि वे कुछ भी कर सकते हैं। इस बीच, डोनाल्ड ट्रम्प, जो बाइडन को हराकर अपना पुराना काम वापस पाने के राह पर हैं, ने इतवार को मीडिया से कहा कि, ÷अगर मैं राष्टपति होता तो यह हमला होता ही नहीं। बिलकुल नहीं। हालाँकि तथ्य यह है कि ट्रम्प के राष्टपति के रूप में कार्यकाल के दौरान भी ईरान और उससे जुड़े समूहों ने अमेरिका और उसके मित्र देशों पर हमले किये थे और एक मौके पर ट्रम्प ने बदले की कार्यवाही को रोक दिया था क्योंकि उन्हें लगा कि वह ज़रुरत से ज्यादा कड़ी थी। बाद में उन्होंने एक हमले का आदेश दिया था जिसमें एक शीर्ष ईरानी जनरल मारा गया था मगर जब इसके बाद ईरान ने मिसाइल हमले किये, जिनमें अमेरिकी सैनिक घायल हुए (हालाँकि उनमें से कोई मारा नहीं गया), तब ट्रम्प ने जवाबी कार्यवाही की अनुमति नहीं दी।



जो बाइडन दुविधा में हैं।लड़ाई तेज होता जा रहा है, कई इजराइली अब भी हमास के कब्ज़े में है और गाजा में हालात गंभीर होते जा रहे हैं। अमेरिकी मीडिया में आ रही ख़बरों से ऐसा लगता है कि जवाबी सैन्य कार्यवाही अपरिहार्य बन गयी है। मगर सवाल यह है कि जो बाइडन कहाँ तक जाना चाहेंगे, विशेषकर इसलिए क्योंकि जल्द ही उन्हें डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ चुनावी समर में कूदना है।अमेरिका ने ईरान की ज़मीन पर 1980 के बाद से अब तक कोई सैन्य कार्यवाही नहीं की है। और तब भी बंदियों को छुड़ाने का प्रयास असफल हो गया था। सन 1988 के बाद से अब तक, अमेरिका ने ईराक और सीरिया के अलावा कहीं भी ईरानी सेना पर हमले नहीं किये हैं। सन 1988 में उसने ईरानी नेवी पर हमला किया था। अगर ईरान के खिलाफ सीधा लड़ाई होता है तो उससे तेल की कीमतों में भारी इज़ाफा अवश्यम्भावी है, विशेषकर अगर फारस की खाड़ी से जहाजों की आवाजाही बंद हो जाती है या ईरान, सऊदी अरब के तेल प्रतिष्ठानों पर हमला करता है। ब्रेंट क्रूड आयल की कीमत पहले ही बढ़ रही है। एक बैरल की कीमत दिसंबर की शुरुआत में 73 डॉलर थी जो 26 जनवरी को 84 डॉलर तक पहुँच गयी थी। अगर यह और बढ़ती है तो उसका असर अमेरिका के पेट्रोल पंपों से बेचे जाने वाले ईंधन पर पड़ेगा और चुनावी साल में बाइडन बिलकुल नहीं चाहेंगे कि ऐसा हो।

जहाँ तक ईरान का सवाल है, वह चाहेगा कि मध्यपूर्व में लड़ाई का क्षेत्र और विस्तृत हो मगर अमेरिका से सीधे भिड़ने में वह परहेज ही करेंगे। उसे मालूम है कि इसके बहुत नुकसानदायक नतीजे हो सकते हैं। अभी कुछ समय पहले तक अमेरिकी अधिकारियों को लग रहा था कि ईरान शायद उसके द्वारा समर्थित समूहों पर लगाम लगाएगा। मगर जॉर्डन पर हमले से यह कयास गलत साबित हो गए हैं।

बाइडन दबाव में हैं। उनकी रेटिंग गिर रही हैं। हाल में हुए एक गैलप पोल से जाहिर हुआ है कि केवल 41 प्रतिशत अमेरिकी राष्टपति के रूप में उनके निर्णयों को सही मानते है। इतनी कम रेटिंग इससे पहले केवल एक अन्य अमेरिकी राष्टपति की थी। अट्ठाईस जनवरी के हमले की बाद बाइडन को निश्चित ही बड़ा हमला करना होगा। और यह हमला तब होगा जब अमेरिका इजराइल-हमास लड़ाई में अस्थाई विराम लाने के लिए मध्यस्थता करने का इच्छुक है। उसे यह उम्मीद भी थी कि बंधकों की रिहाई के मसले में वह कोई समझौता करा सकेगा जिससे या तो लड़ाई ख़त्म हो जायेगा या उसकी तीव्रता इतनी घट जाएगी कि उससे दूसरे स्थानों में तनाव नहीं बढेगा। बाइडन चाहते थे कि वे शांति के माहौल में चुनाव लड़ सकें। मगर शायद इसका उल्टा होने जा रहा है।

## देखना दिलचस्प होगा कि रूट इस सीरीज में बुमराह का मुकाबला कैसे करेंगे : कुक

**विशाखापत्तनम।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एलिस्टर कुक ने कहा कि यह देखना दिलचस्प होगा कि जो रूट भविष्य में किस तरह से जसप्रीत बुमराह का मुकाबला करेंगे। तेज गेंदबाज ने मौजूदा सीरीज में दाएं हाथ के बल्लेबाज को दूसरी बार आउट किया है। टीम इंडिया के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने अपनी बेहतरीन गेंदबाजी से इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे मैच में 6 विकेट अपने नाम किए। विशाखापत्तनम की स्पिन गेंदबाजों के लिए वरदान मानी जानी वाली पिच पर तेज गेंदबाज ने इंग्लिश बल्लेबाजों को खूब परेशान किया। 6-45 के अपने जादुई स्पेल में जहां बुमराह ने रिवर्स-स्विंग गेंदबाजी में मास्टरक्लास का प्रदर्शन किया, वहीं टॉम हार्टले, जेम्स एंडरसन, रूट, ओली पोप, जॉनी बेयरस्टो, बेन स्टोक्स जैसे दिग्गज बल्लेबाजों को आउट किया। स्टोक्स का विकेट टेस्ट मैचों में उनका 150वां विकेट था। भारत ने पहली पारी में 171 रन की बढ़त ले ली है। कुक ने टीएनटी स्पोर्ट्स से कहा, जो रूट के खिलाफ बुमराह का स्पैल वास्तव में हाई क्वालिटी रिवर्स स्विंग गेंदबाजी थी। जो रूट इंग्लैंड के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज हैं। उन्होंने 11,000 से अधिक रन बनाए हैं और अब हम एक चुनौती देखेंगे जिससे उन्हें पार पाना होगा। उन्हें बुमराह से उनकी पारी की शुरुआत में निपटना होगा। शुरुआत में रन बनाने की कोशिश करनी होगी। यह दिलचस्प है और हम देखेंगे कि क्या जो रूट इसका मुकाबला करने में सक्षम हैं। बुमराह के खिलाफ रूट की परेशानियों के मद्देनजर कुक, जो 2012/13 सीज़न के दौरान भारत में टेस्ट सीरीज़ जीतने वाले आखिरी इंग्लैंड कप्तान भी हैं, ने दक्षिण अफ्रीका के पूर्व गेंदबाज मोर्कल का सामना करने पर अपने करियर में आने वाली समस्याओं को याद किया। कुक ने आगे बताया कि कैसे बुमराह की महारत ने रूट के मन में डर पैदा किया है। उन्हें आउट होना पड़ा। बुमराह का रूट के खिलाफ वास्तव में अच्छा रिकॉर्ड है। उन्होंने उन्हें 12 टेस्ट मैचों में आठ बार रूट को आउट किया है। इसलिए जब वह उन्हें एलबीडब्ल्यू करने की कोशिश करते हैं, तो वह उसे कवर करना शुरू कर देते हैं। इसलिए रूट को बुमराह के खिलाफ एक खास रणनीति बनानी होगी।

# पीकेएल 10 : सुमित के हाई 5 से यूपी योद्धाओं की यू मुंबा पर महत्वपूर्ण जीत




**नई दिल्ली।** यहां के त्यागराज इंडोर स्टेडियम में शनिवार को प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के सीजन 10 के मैच में यूपी योद्धाओं ने सुमित के कुछ अच्छे बचाव को रेडर गगना गौड़ा और महिपाल की मदद से यू मुंबा पर 38-23 से प्रभावशाली और महत्वपूर्ण जीत हासिल की। पूरे मैच के दौरान यू मुंबा के कई बदलावों से टीम को ज्यादा फायदा नहीं हुआ, शिवम के ऑफ द बेंच से पांच अंक लेने के बावजूद, लेकिन यूपी योद्धाओं को प्लेऑफ की दौड़ में अहम लाइफलाइन मिली। मैच दोनों तरफ झुक गया, क्योंकि शुरुआत में रक्षकों का दबदबा कायम रहा। यूपी योद्धा और यू मुंबा के रेडर मैच की शुरुआत में अपने-अपने करो या मरो रेड में असफल रहे, यहां तक कि यू मुंबा ने सुपर टैकल हासिल करने के लिए स्टार रेडर परदीप नरवाल को भी मैट से बाहर भेज दिया। पहले हाफ यूपी योद्धा अपने रक्षात्मक और आक्रामक आक्रमणों का अधिकतम लाभ उठाते हुए अंक अर्जित करने की होड़ में लग गए। एक और डू-ऑर-डाई रेड और फिर ऑल-आउट उनके पक्ष में गया, जिसका नेतृत्व महिपाल और गगना गौड़ा ने चार-चार अंकों के साथ किया। यूपी योद्धाओं के डिफेंडरों में स्टार लेफ्ट कॉर्नर सुमित थे, जिन्होंने भी चार अंक बनाए और उनकी टीम ने दूसरे हाफ में 18-11 की बढ़त बना ली। यू मुंबा ने दूसरे हाफ की शुरुआत में अपनी गलतियों की भरपाई करते हुए कुछ असाधारण बचाव किया और दूसरा सुपर टैकल अपने नाम कर लिया। हरफनमौला खिलाड़ी अमीरमोहम्मद जफरदानेश और संथापन सेल्वम ने अपनी टीम को खेल में वापस लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

यूपी योद्धाओं ने रणनीतिक समय समाप्ति के बाद यू मुंबा के खिलाफ एक और ऑल-आउट के साथ शुरुआत की, जिसके बाद सुमित ने रेडर शिवम को आउट करके अपना हाई 5 पूरा किया। तब तक मैच यू मुंबा के हाथ से निकल चुका था, क्योंकि परदीप नरवाल की अगुवाई वाली टीम ने बड़ी जीत हासिल कर अपनी हार का सिलसिला खत्म कर दिया।

## अनुष्का शर्मा और विराट कोहली के घर आने वाला है एक और नन्हा मेहमान, इस क्रिकेटर ने किया खुलासा

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और उनकी अभिनेत्री पत्नी अनुष्का शर्मा के घर एक और नन्हा मेहमान आने वाला है। इस बात का खुलासा कोहली के दोस्त दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने किया है। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डिविलियर्स ने शनिवार को अपनी लाइव बातचीत में बताया कि अनुष्का दूसरे बच्चे की मां बनने वाली हैं। डिविलियर्स ने शनिवार को कहा कि भारत और इंग्लैंड के बीच चल रही 5 मैचों की सीरीज के पहले दो टेस्ट मैचों से भारत के बल्लेबाज के हटने के बाद उन्होंने विराट कोहली को कॉल किया। एबी डिविलियर्स ने अपने फैंस को बताया कि Virat Kohli ठीक हैं और अपने परिवार के साथ समय बिता रहे हैं, उन्होंने कहा कि कोहली और Anushka Sharma अपने दूसरे बच्चे के जन्म की उम्मीद कर रहे हैं। गौरतलब है कि विराट कोहली इंग्लैंड के खिलाफ 2 टेस्ट के स्क्वॉड से अपना नाम वापस ले चुके हैं। ऐसे में सोशल मीडिया पर कयासों के दौर शुरु हो गए।

### अर्जेंटीना के विंगर लुका ओरेलानो सिनसिनाटी में होंगे शामिल

**रियो डी जेनेरो।** ब्राजील में मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, वास्को डी गामा ने अर्जेंटीना के विंगर लुका ओरेलानो को सिनसिनाटी एफसी को लोन देने के लिए एक समझौता किया है। 23 वर्षीय खिलाड़ी दिसंबर तक सिनसिनाटी से जुड़ा रहेगा, जबकि मेजर लीग सॉकर क्लब के पास ऋण समाप्त होने पर समझौते को स्थायी बनाने का विकल्प होगा। इसमें कहा गया है कि सिनसिनाटी ने अर्जेंटीना के कई क्लबों की ओरेलानो में रुचि को कम कर दिया है। पिछले जनवरी में तीन साल के अनुबंध पर वेलेज़ सार्सफ़ील्ड से वास्को में शामिल होने के बाद से ओरेलानो ने केवल 25 मैच खेले हैं और दो गोल किए हैं। सिनसिनाटी अपने 2024 एमएलएस अभियान की शुरुआत 25 फरवरी को टोरंटो के खिलाफ एक घरेलू मैच के साथ करेगा।

# जूम ने 150 कर्मचारियों को नौकरी से निकाला, ओक्टा के भी 400 कर्मचारियों पर गिरी गाज

**नई दिल्ली।** वीडियो संचार प्लेटफॉर्म जूम लगभग 150 कर्मचारियों या कंपनी के दो प्रतिशत से भी कम कर्मचारियों की छंटनी कर रहा है। जूम ने कहा कि छंटनी के बावजूद कंपनी 2024 में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, बिक्री, उत्पाद और अन्य सेक्टरों में नियुक्तियां जारी रखेगी।

जूम के प्रवक्ता ने एक बयान में सीएनबीसी को बताया, हम अपनी रणनीति के साथ तालमेल सुनिश्चित करने के लिए नियमित रूप से अपनी टीमों का मूल्यांकन करते हैं। प्रवक्ता ने कहा, इस प्रयास के हिस्से के रूप में, हम क्षमताओं को जोड़ने और भविष्य के लिए महत्वपूर्ण क्षेत्रों में नियुक्तियां जारी रखने के लिए भूमिकाओं में सुधार कर रहे हैं। पिछले साल फरवरी में जूम ने लगभग 1,300 कर्मचारियों यानी अपने कार्यबल के लगभग 15 प्रतिशत नौकरी से हटा दिया था।

जूम के अलावा, क्लाउड सॉफ़्टवेयर विक्रेता ओक्टा ने भी लगभग 400 कर्मचारियों, या अपने कार्यबल के लगभग 7 प्रतिशत को नौकरी से निकालने की घोषणा की है। ओक्टा के सीईओ टॉड मैकिनॉन ने कहा कि वास्तविकता यह है कि लागत अभी भी बहुत अधिक है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस खबर पर प्रीमार्केट ट्रेडिंग में ओक्टा के शेयरों में करीब 3.6 फीसदी की बढ़ोतरी हुई।

मैकिनॉन ने कहा कि कंपनी को दीर्घकालिक सफलता हासिल करने के लिए कहां निवेश करना है, इसके बारे में अधिक विचारशील होने की जरूरत है। सीईओ ने कहा, लाभ हासिल करने के लिए हमें व्यवसाय को अधिक दक्षता के साथ चलाने की आवश्यकता है। हालांकि हमने सही दिशा में कदम उठाए हैं, वास्तविकता यह है कि लागत अभी भी बहुत अधिक है। हमें अपने समग्र खर्च के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है, ताकि हम सबसे अधिक अवसर वाले क्षेत्रों, उत्पादों और बाजार में निवेश करना जारी रख सकें।

## बुमराह के छक्के ने इंग्लैंड को 253 पर समेटा, भारत को 143 रन की बढ़त

**विशाखापत्तनम।** तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने शानदार गेंदबाजी करते हुए दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन 45 रन पर छह विकेट झटके और इंग्लैंड को पहली पारी में 253 रन पर समेट कर भारत को 143 रन की महत्वपूर्ण बढ़त दिला दी। भारत की 396 रन की पहली पारी जहां यशस्वी जायसवाल के दोहरे शतक के नाम थी, वहीं मैच की दूसरी पारी जसप्रीत बुमराह की घातक गेंदबाजी के नाम रही। उन्होंने छह विकेट चटकाए और किसी भी इंग्लिश बल्लेबाज़ को टिकने नहीं दिया। कुलदीप ने भी उनका अच्छा साथ देते हुए तीन विकेट लिए। अश्विन, मुकेश और अक्षर ने निराश किया। सभी ने कम से कम 5 की इकॉनमी से रन दिए। इंग्लैंड की तरफ़ से जैक क्रॉली ने अच्छी शुरुआत दी, लेकिन इसके बाद कोई भी बल्लेबाज़ टिककर नहीं खेल सका। अधिकतर को शुरुआत मिली, लेकिन भारतीय बल्लेबाज़ों की तरह वे भी इसे बड़ी पारी में तब्दील नहीं कर सके। क्रॉली ने 78 गेंदों में 11 चौकों और दो छक्कों की मदद से 76 रन बनाये। कप्तान बेन स्टोक्स ने 47 रन का योगदान दिया। बुमराह ने स्टोक्स को बेहतरीन गेंद पर बोल्ड कर भारत को महत्वपूर्ण सफलता दिलाई। बुमराह ने जेम्स एंडरसन को पगबाधा कर इंग्लैंड का आखिरी विकेट भी लिया।

अग्रवाल महासभा की प्रथम कार्यकारिणी बैठक संपन्न कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए

# वयोवृद्ध धर्मशाला मेनेजर को सम्मानित कर दी विदाई





**कैलारस।** अग्रवाल महासभा कैलारस के वर्ष 2024 के नव नियुक्त पदाधिकारी सलाहकार समिति, कार्यकारिणी सदस्यो की प्रथम बैठक अग्रवाल सेवा सदन में अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष डा ए के गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक हुई बैठक में सर्व प्रथम महाराजा अग्रसेन जी एवम मां लक्ष्मी जी की पूजा अर्चना की गई बैठक में सामाजिक विषयों पर चर्चा की गई , धर्मशाला संचालन के लिए एक कमेटी बनाने , एवम सामाजिक न्याय समिति बनाने के प्रस्ताव पर चर्चा की गई, बैठक उपरांत सह भोज भी संपन्न हुआ इस असवर पर अग्रवाल धर्मशाला में वर्षो से मेनेजर के रूप में कार्यरत वयोवृद्ध हरिचरण लाल मंगल ने स्वास्थ्य संबंधी कारणों के चलते सेवा से मुक्ति का आवेदन दिया समाज बंधुओ ने उनके कार्य की सराहना करते हुए उन्हें सेवा से मुक्त किया एवम पुष्पहार पहनाकर शाल श्रीफल एवम 5100 रुपए नगद देकर सम्मानित कर विदाई दी।

बैठक में अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष डा ए के गुप्ता , उपाध्यक्ष दिनेश सिंघल, रामकुमार मित्तल, नत्थालाल गोयल , महामंत्री संजीव गुप्ता पंशारी, कोषाध्यक्ष रमेश चंद्र बंसल, सह सचिव अजय गोयनर, प्रचार मंत्री पवन गोयल, सलाहकार समिति के सदस्य मुरारीलाल गुप्ता , मातादीन सर्राफ केशव प्रसाद गोयनर बासुदेव प्रसाद गुप्ता, फतेह चंद्र गोयनर,ब्रह्मानंद गुप्ता सेवाराम गुप्ता ,राजकुमार सिंघल, अनिल गोयनर,दिलीप गर्ग, राजू गुप्ता ,अरुण सिंघल सुरेश चंद्र गोयनर ,पूरन चंद्र मंगल, सुरेश दीवान, रघुवीर प्रसाद सिंघल, नरेंद्र गोयनर,विमल बंसल, राहुल बंसल, अशोक पंसारी,देवकी नंदन बंसल , पत्रकार रोशनलाल गुप्ता , राधाकृष्ण सिंघल , सुभाष गुप्ता ,राधेश्याम बंसल , ब्रजेश बंसल सुजनगढ़ी, सुनील सिंघल,रमेश चंद्र गोयल , जगदीश प्रसाद गोयल, सुभाष चंद्र गोयल, सहित समस्त कार्यकारणी सदस्य उपस्थित रहे।

## 29 रुपए किलो चावल बेचेगी मोदी सरकार, व्यापारियों को बताना होगा स्टॉक

**नई दिल्ली।** महंगाई से लोगों को राहत दिलाने के लिए मोदी सरकार ने बड़ा ऐलान किया है। सरकार अगले हफ्ते से खुदरा बाजार में 29 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर 'भारत राइस' ब्रांड के तहत चावल बेचेगी। इसके अलावा व्यापारियों को निर्देश दिया गया है कि चावल के स्टॉक का खुलासा किया जाए। केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने आज संवाददाता सम्मेलन में कहा कि विभिन्न किस्मों के चावल निर्यात पर प्रतिबंध के बावजूद पिछले एक साल में चावल की खुदरा और थोक कीमतों में लगभग 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इससे पहले मोदी सरकार की तरफ से पहले ही महंगाई को मात देने केलिए 'भारत आटा' की बिक्री 27.50 रुपये किलो और 'भारत दाल' (चना) 60 रुपये किलो के हिसाब से की जा रही है। सरकार की तरफ से बयान जारी कर कहा गया कि चावल के निर्यात पर लगी पाबंदी को हटाने की अभी कोई योजना नहीं है। यह केवल अफवाह है कि चावल के निर्यात पर लगी पाबंदी को हटाया जा रहा है। चोपड़ा ने कहा कि रिटेलर और होलसेल सेलर को और फूड प्रोसेसिंग करने वालों को नए रेट का चावल के स्टॉक की जानकारी देने के लिए कहा गया है।

# व्हाटसएप ने 69 लाख से अधिक भारतीयों के अकाउंटस पर लगाया प्रतिबंध, जानिए पूरा मामला

**नई दिल्ली।** मेटा के स्वामित्व वाले व्हाट्सएप ने दिसंबर 2023 में देश में 69 लाख से अधिक 'खराब अकाउंट्स' पर प्रतिबंध लगा दिया। कंपनी ने नए आईटी नियम 2021 के अनुपालन में यह जानकारी दी। कंपनी ने 1-31 दिसंबर के बीच 69,34,000 अकाउंट्स पर प्रतिबंध लगा दिया। व्हाट्सएप ने अपनी मासिक अनुपालन रिपोर्ट में कहा कि यूजरों की किसी भी रिपोर्ट से पहले, इनमें से लगभग 16,58,000 खातों पर सक्रिय रूप से प्रतिबंध लगा दिया गया था। सबसे लोकप्रिय मैसेजिंग प्लेटफॉर्म, जिसके देश में 50 करोड़ से अधिक यूजर हैं, को दिसंबर में देश में रिकॉर्ड 16,366 शिकायत रिपोर्ट प्राप्त हुईं, जिनमें 13 पर कार्रवाई की गई।



एकाउंट्स एक्शनड उन रिपोर्टों को दर्शाता है जहां व्हाट्सएप ने रिपोर्ट के आधार पर उपचारात्मक कार्रवाई की और कार्रवाई करने का मतलब या तो किसी अकाउंट पर प्रतिबंध लगाना या पहले से प्रतिबंधित अकाउंट को बहाल करना है। कंपनी के अनुसार, इस यूजर-सुरक्षा रिपोर्ट में प्राप्त शिकायतों और व्हाट्सएप द्वारा की गई कार्रवाई के साथ-साथ हमारे प्लेटफॉर्म पर दुरुपयोग से निपटने के लिए व्हाट्सएप की अपनी निवारक कार्रवाइयों का विवरण शामिल है।

लाखों भारतीय सोशल मीडिया यूजरों को सशक्त बनाने के लिए केंद्र ने हाल ही में शिकायत अपीलीय समिति (जीएसी) लॉन्च की है जो कंटेंट और अन्य मुद्दों के संबंध में उनकी चिंताओं को देखती है। नवगठित पैनल, बिग टेक कंपनियों पर लगाम लगाने के लिए देश के डिजिटल कानूनों को मजबूत करने की दिशा में एक कदम है, जो सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के फैसलों के खिलाफ यूजरों द्वारा की गई अपील पर गौर करेगा।

व्हाट्सएप ने कहा, हम दुरुपयोग को रोकने और मुकाबला करने में एंड-टू-एंड एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग सेवाओं के बीच एक उद्योग के नेतृत्वकर्ता हैं। हमारी सुरक्षा सुविधाओं और नियंत्रणों के अलावा, हम इन प्रयासों की देखरेख के लिए इंजीनियरों, डेटा वैज्ञानिकों, विश्लेषकों, शोधकर्ताओं और कानून प्रवर्तन, ऑनलाइन सुरक्षा और प्रौद्योगिकी विकास में विशेषज्ञों की एक टीम को नियुक्त करते हैं। नवंबर महीने में वॉट्सऐप ने देश में 71 लाख से ज्यादा बैड अकाउंट्स को बैन कर दिया था।

# एफआईएच हॉकी प्रो लीग : शुरुआती मैच में डच महिलाओं ने अमेरिका को हराया



**भुवनेश्वर।** यहां के कलिंगा स्टेडियम में महिला एफआईएच हॉकी प्रो लीग सीजन 5 के दूसरे मिनी टूर्नामेंट में नीदरलैंड ने संयुक्त राज्य अमेरिका के खिलाफ 7-0 की जोरदार जीत के साथकी शुरुआत की। संयुक्त राज्य अमेरिका पर नीदरलैंड की प्रमुख जीत ने 2023/24 सीजन की शुरुआत में उनकी जीत की लय को पांच गेम तक बढ़ा दिया है।

पहले हाफ में डच खिलाड़ी धैर्यवान दिखीं, 13वें मिनट में बाईं बेसलाइन पर कुछ अच्छे इंटरप्ले के बाद लूना फोक्के ने एक गोल किया और इसके एक मिनट बाद दाईं बेसलाइन पर इसी तरह के इंटरप्ले के साथ पिएन डिके ने दो गोल किए।

संयुक्त राज्य अमेरिका ने गोल रहित दूसरे क्वार्टर में अच्छी तरह से बचाव किया और आधे समय तक 2-0 से पीछे थी, लेकिन डच बहुत अधिक नियंत्रण में थे और जब उन्होंने दूसरे हाफ में तीव्रता बढ़ाई तो कोई आश्चर्य नहीं हुआ।

तीसरा गोल तब आया जब डच दबाव के कारण उनके प्रतिद्वंद्वी को एक त्रुटि का सामना करना पड़ा। डिके ने सर्कल के शीर्ष पर एक उच्च जोखिम वाले पास को रोका और उसके पास अपना स्थान चुनने के लिए पूरा समय था।

अधिक प्रभावशाली इंटरप्ले ने डिके को अपनी हैट्रिक पूरी करने के लिए टैप-इन के लिए तैयार किया और यूएसए ने खुद को घेराबंदी में पाया, केल्सी रॉबल्स को अमेरिकी गोल में बार-बार बुलाया जा रहा था।

डिके ने अपने चौथे गोल के लिए पेनल्टी कॉर्नर रिबाउंड पर सबसे तेज पैड लगाया था, और अंतिम मिनटों में यिब्बी जानसन ने दो आत्मविश्वास से निष्पादित पेनल्टी स्ट्रोक के साथ स्कोरिंग को बंद कर दिया।

इसके साथ, नए शुरू किए गए शीर्ष स्कोरर के आर्मबैंड को बनाए रखने के लिए जेनसन के टूर्नामेंट में सात गोल हो गए, लेकिन शनिवार के मैच के बाद डिके पांच गोल के साथ आगे है।

# अमेजन ने होलीडे क्वार्टर में रिकॉर्ड 140 बिलियन डॉलर की शुद्ध बिक्री की दर्ज




**सैन फ्रांसिस्को।** 31 दिसंबर, 2023 को समाप्त होलीडे तिमाही में अमेजन की शुद्ध बिक्री 14 प्रतिशत बढ़कर 170 बिलियन डॉलर हो गई, जबकि 2022 की चौथी तिमाही में यह 149.2 बिलियन डॉलर थी। अमेजन के सीईओ एंडी जेसी ने कहा कि पिछला अवकाश तिमाही रिकॉर्ड तोड़ था।

2023 की चौथी तिमाही में शुद्ध आय बढ़कर 10.6 बिलियन डॉलर हो गई, जबकि 2022 की चौथी तिमाही में यह 0.3 बिलियन डॉलर थी। अमेजन वेब सर्विसेज (एडब्ल्यूएस) सेगमेंट की बिक्री साल-दर-साल 13 प्रतिशत बढ़कर 24.2 बिलियन डॉलर हो गई। जेसी ने कहा, यह चौथी तिमाही रिकॉर्ड-ब्रेकिंग हॉलिडे शॉपिंग सीजन था और अमेजन के लिए 2023 एक मजबूत वर्ष के साथ समाप्त हुआ।

उन्होंने आगे कहा, अब जब हम 2024 में प्रवेश कर रहे हैं, हमारी टीमें तेजी से प्रदर्शन कर रही हैं, और हमारे सामने उत्साहित होने के लिए बहुत कुछ है। अमेजन ने 'रूफस' नाम से एक नया एआई चैटबॉट भी पेश किया है, जो कस्टमर्स को उसके प्लेटफॉर्म पर खरीदने के लिए ज्यादा प्रोडक्ट ढूंढने में मदद करेगा। साल 2023 के लिए, शुद्ध बिक्री 12 प्रतिशत बढ़कर 574.8 बिलियन डॉलर हो गई, जबकि 2022 में यह 514.0 बिलियन डॉलर थी।

अमेजन ने कहा, पूरे वर्ष के लिए एडब्ल्यूएस सेगमेंट की बिक्री साल-दर-साल 13 प्रतिशत बढ़कर 90.8 बिलियन डॉलर हो गई। 2023 में शुद्ध आय 30.4 बिलियन डॉलर या 2.90 डॉलर प्रति डाइल्यूटेड शेयर थी, जबकि 2022 में शुद्ध घाटा 2.7 बिलियन डॉलर या 0.27 प्रति डॉलर डाइल्यूटेड शेयर था। जेसी ने कहा, हालांकि हमने सार्थक राजस्व, ऑपरेटिंग इनकम और फ्री कैश फ्लो में प्रगति की है, लेकिन जिस चीज से हम सबसे ज्यादा खुश हैं वह हमारे व्यवसायों में निरंतर आविष्कार और ग्राहक अनुभव में सुधार है।

**नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पत्ति जोन क्र./ क्षेत्र क्रमांक 20 वार्ड क्रमांक 48 भवन क्रमांक 1622 व स्थान मामा का बाजार, भोंसले का बाड़ा लश्कर ग्वालियर में स्थित है जो कि श्री कल्लू यादव पुत्र श्री प्रताप सिंह यादव ग्वालियर के नाम से नगर निगम में सम्पत्ति आईडी क्रमांक 1000163024 पर दर्ज है जिसका क्षेत्रफल 750 वर्गफुट है. उक्त सम्पत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी 142602024 ए 1029410 दिनांक 08/01/2024 द्वारा क्रय/उत्तराधिकार से प्राप्त/वसीयतनामा से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्मति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1956 के अन्तर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र बरार समाज, सिंधी कॉलोनी जनमित्र केन्द्र क्र. 20 पर दिनांक 30/01/2024 को किया गया है. जिसका आवेदन कार्य क्रमांक 74/2010/62047/62175 है उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्र. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 04-02-2024

आवेदक का नाम- अजय मोटवानी पुत्र चुन्नीलाल मोटवानी

पता : अजयेश्वर महादेव मंदिर के पास अजयपुर रोड, लश्कर ग्वालियर मो. 9981201952

**नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पत्ति जोन क्र./ क्षेत्र क्रमांक 20 वार्ड क्रमांक 48 भवन क्रमांक 37 व 38 व स्थान आंग्रे कॉलोनी, लाला का बाजार, लश्कर ग्वालियर में स्थित है जो कि श्री सीमा देवी जेठवानी, दीपक जैठवानी, जयदेव जेठवानी/स्व. श्री रामचन्द्र जेठवानी ग्वालियर के नाम से नगर निगम में सम्पत्ति आईडी क्रमांक 1000341176 पर दर्ज है जिसका क्षेत्रफल 1074 वर्गफुट है. उक्त सम्पत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी 142602023 ए 12389503 दिनांक .... द्वारा क्रय/उत्तराधिकार से प्राप्त/वसीयतनामा से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्मति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1956 के अन्तर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र बरार समाज, सिंधी कॉलोनी जनमित्र केन्द्र क्र. 20 पर दिनांक 30/01/2024 को किया गया है. जिसका आवेदन कार्य क्रमांक 74/2010/62048/62176 है उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्र. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 04-02-2024

आवेदक का नाम- राखी गुप्ता पत्नी श्री अनुराग गुप्ता

पता : जवाहर कॉलोनी, कम्पू लश्कर ग्वालियर मो. 9926847492

**नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पत्ति जोन क्र./ क्षेत्र क्रमांक 20 वार्ड क्रमांक 48 भवन क्रमांक 333 का भाग स्थान गुरुकृपा अपार्टमेंट, गाडवे की गोठ,, लश्कर ग्वालियर में स्थित है जो कि गुरुकृपा बिल्डर्स एण्ड डवलपर्स राजेन्द्र कुमार गुप्ता राशी सिंघल के नाम से नगर निगम में सम्पत्ति आईडी क्रमांक ...... पर दर्ज है जिसका क्षेत्रफल 900 वर्गफुट है. उक्त सम्पत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी 142602017 ए 1436390 दिनांक 23.07.2017 द्वारा क्रय/उत्तराधिकार से प्राप्त/वसीयतनामा से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्मति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1956 के अन्तर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र बरार समाज, सिंधी कॉलोनी जनमित्र केन्द्र क्र. 20 पर दिनांक 30/01/2024 को किया गया है. जिसका आवेदन कार्य क्रमांक 74/2010/62046/62174 है उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्र. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 04-02-2024

आवेदक का नाम- किरण खत्री पत्नी सुनील खत्री

पता : झूलेलाल मंदिर के पास, माधौगंज, लश्कर ग्वालियर, मो. 9827250221

# विशाखापत्तनम टेस्ट: यशस्वी पहुंचे गावस्कर और कांबली की कतार में

**विशाखापत्तनम।** भारत और इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में आज कई रिकार्ड बने। ये रिकार्ड यशस्वी जायसवाल के बल्ले और जसप्रीत बुमराह की गेंद से बने। जायसवाल सुनील गावस्कर और विनोद कांबली के बाद टेस्ट में दोहरा शतक बनाने वाले तीसरे सबसे युवा भारतीय बन गए। इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में 22 साल और 77 दिन की उम्र में जयसवाल ने 277 गेंदों में अपनी उपलब्धि पूरी की। जायसवाल सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल (नवंबर 2019) के बाद खेल के सबसे लंबे प्रारूप में दोहरे शतक का आंकड़ा पार करने वाले पहले भारतीय बन गए। युवा भारतीय सलामी बल्लेबाज, जो अपनी आक्रामक खेल शैली के लिए जाने जाते हैं, ने अंग्रेज गेंदबाजों द्वारा पेश की गई चुनौतियों का सामना करते हुए आक्रमण, कौशल और संयम का एक उल्लेखनीय मिश्रण दिखाया। जायसवाल की पारी भारतीय टीम के लिए आशा की किरण बन गई, खासकर जब विपरीत छोर पर नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे। न केवल जायसवाल दोहरे शतक के प्रतिष्ठित मील के पत्थर तक पहुंचे, बल्कि वह 2008 में गौतम गंभीर के बाद टेस्ट क्रिकेट में यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले भारतीय बाएं हाथ के बल्लेबाज भी बन गए। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 206 रन बनाए थे और अब जायसवाल भी उतनी ही उल्लेखनीय पारी के साथ उनके नक्शेकदम पर चलते हैं। 200 रन के आंकड़े तक पहुंचने के लिए 277 गेंदें खेलकर, जायसवाल की पारी ने न केवल उनके आक्रामक स्वभाव का प्रदर्शन किया, बल्कि स्थिति की मांग होने पर धैर्य के साथ अपनी आक्रामकता को कम करने की उनकी क्षमता भी प्रदर्शित की। पूर्व बल्लेबाज, विनोद कांबली दोहरा शतक लगाने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय बने हुए हैं, उन्होंने 1993 में वानखेड़े में इंग्लैंड के खिलाफ 21 साल और 32 दिन की उम्र में यह उपलब्धि हासिल की थी। टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में सबसे कम उम्र में दोहरे शतक लगाने वाले जावेद मियांदाद हैं, जिन्होंने 19 साल 140 दिन की उम्र में यह उपलब्धि हासिल की थी। इसी प्रकार टीम इंडिया के तेज़ गेंदबाज़ जसप्रीत बुमराह ने शानदार बॉलिंग की और अकेले दम पर ही इंग्लैंड के बल्लेबाज़ी ऑर्डर को तहस-नहस कर दिया। बुमराह ने इस शानदार स्पेल के दौरान एक नया मुकाम भी हासिल किया और टेस्ट फॉर्मेट में अपने 150 विकेट पूरे किए। पहली पारी में इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स को क्लीन बोल्ड करते ही जसप्रीत बुमराह के 150 विकेट पूरे हुए और उन्होंने एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया। जसप्रीत बुमराह भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज़ 150 विकेट लेने वाले तेज़ गेंदबाज़ बन गए हैं।

# एमपी बोर्ड परीक्षा का आगाज आज से, 68 केंद्रों पर 10वीं के 24813 बच्चे हल करेंगे हिंदी का प्रश्नपत्र

## विभाग ने तैयारियों को दिया अंतिम रुप, संवेदनशील व अति संवेदनशील केन्द्रो पर रहेगी विशेष नजर

**शिवपुरी।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित 10वी व 12वी की बोर्ड परीक्षाओं का आगाज सोमवार से जिले के 68 परीक्षा केंद्रों पर होने जा रहा है। सोमवार को दसवीं के हिन्दी विषय का प्रश्न पत्र सुबह नौ बजे से शुरू होगा। इस परीक्षा में 24 हजार 813 परीक्षार्थी नामांकित हैं, जबकि हायर सेकेण्डरी का पहला प्रश्न पत्र मंगलवार को हिन्दी विषय का होगा, जिसमें 17 हजार 450 परीक्षार्थी नामांकित हैं। इस तरह इन दोनों परीक्षाओं में कुल 42 हजार 263 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

इस महत्वपूर्ण परीक्षा को लेकर जिला शिक्षा विभाग ने तैयारी को अंतिम रूप दे दिया है। रविवार को माधवचौक स्थित परीक्षा कक्ष पर जिला शिक्षा अधिकारी समर सिंह राठौड़ व जिला परीक्षा प्रभारी वत्सराज सिंह राठौड़ अपनी टीम के साथ परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा करते नजर आए। परीक्षा के दौरान संवेदनशील व अति संवेदनशील केंद्रो पर विभागीय व प्रशासनिक उडऩ्दस्ते अपनी विशेष निगाह रखेंगे। दसवीं की परीक्षा 28 फरवरी तक जबकि 12वीं की परीक्षा 5 मार्च तक चलेंगी।

### खोड़, बैराड़, भटनावर सहित छह केंद्र संवेदनशील

जिले के 68 केंद्रों में से 6 परीक्षा केंद्रों को संवेदनशील केंद्रों की श्रेणी में शामिल किया गया है। जिन छह केंद्रों को संवेदनशील घोषित किया गया है उनमें उमावि रन्नौद, मावि मायापुर, उमावि खोड़, अशासकीय आदर्श जीवन डीएड महाविद्यालय अमोलपठा, उमावि भटनावर व बैराड़ का उमावि न्यू पैराडाइज अशासकीय स्कूल शामिल है। इन केंद्रों पर परीक्षार्थियों की बात करें तो रन्नौद में दसवी के 386 व 12वी के 172, मायापुर में क्रमशः 257 व 99, खोड़ में 435 व 323, अमोलपठा में 301 व 226, भटनावर 476 व 384, पैराडाइज बैराड़ में 368 व 278 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

### प्राइवेट परीक्षार्थियों वाले चार केंद्र अति संवेदनशील घोषित



जिले में स्वाध्यायी परीक्षार्थी के रूप में परीक्षा देने वाले सभी परीक्षार्थियों के परीक्षा केंद्र अतिसंवेदनशील घोषित किए गए हैं। इनमें से शिवपुरी शहर का मॉडल उमावि केंद्र इस श्रेणी में है। जहां हाई स्कूल 576 व हासे के 479 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। इसी तरह अतिसंवेदनशील में शामिल उत्कृष्ट उमावि पिछोर में 624 व 542, मॉडल उमावि करैरा में 435 व 305, बालक उमावि कोलारस में 522 व 174 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

### डीईओ, डीपीसी सहित क्रीड़ा अधिकारी के नेतृत्व में तीन उडऩ्दस्ते गठित

परीक्षा के दौरान सभी केंद्रों पर सतत निगरनी रखने के लिए जहां कलेक्टर द्वारा एसडीएम व तहसीलदार के नेतृत्व में प्रशासनिक उडन् दस्तों का गठन किया गया है तो वहीं जिल शिक्षा विभाग द्वारा भी तीन उडऩ्दस्ते गठित किए हैं, जिनमें जिला शिक्षा अधिकारी समर सिंह राठौड़, जिला क्रीड़ा अधिकारी चंद्रशेखर बेमटे, जिला परियोजना समन्वयक विवेक श्रीवास्तव के नेतृत्व में गठित उडऩ्दस्ते आकस्मिक तौर पर पहुंच कर परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करेंगे। इधर परीक्षा से पूर्व शनिवार को विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर केंद्र अध्यक्ष व सहायक केंद्राध्यक्ष द्वारा पर्यवेक्षक के रूप में तैनात शिक्षकों की बैठक लेकर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बता दें कि इस बार सभी 68 केंद्रों पर कार्यालय प्रमुख स्तर के 68 अधिकारी, कलेक्टर प्रतिनिधि के रूप में भी तैनात किए गये हैं, जिनकी देख रेख में प्रश्न पत्र थाने से परीक्षा केंद्र तक पहुंचेंगे और इस पूरी प्रक्रिया की ट्रेकिंग मोबाइल एप के जरिए होगी।

### दो हजार से अधिक शिक्षक तैनात

जिला परीक्षा कक्ष प्रभारी वत्सराज सिंह राठौड़ ने बताया कि जिले में इस बार 42 हजार 263 परीक्षार्थी हाई व हायर सेकेण्डरी परीक्षा में नामंकित हैं, जहां दसवीं की परीक्षा में 22 हजार 659 नियमित व 2154 प्रायवेट परीक्षार्थियों सहित कुल 24 हजार 813 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे तो वहीं बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में 15 हजार 940 नियमित 1510 प्रायवेट परीक्षार्थियों सहित कुल 17 हजार 450 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। इस बड़े स्तर पर आयोजित परीक्षा को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी समर सिंह राठौड़ द्वारा परीक्षा केंद्रों पर पर्यवेक्षकों व अन्य लिपिकीय कार्य आदि के रूप में शिक्षकों की तैनाती भी कर दी गई है। करीब दो हजार शिक्षक पर्यवेक्षण कार्य व अन्य परीक्षा कार्य में परीक्षा केंद्रों पर ड्यूटी देंगे।

### पांच मिनट पहले मिलेगा प्रश्न-पत्र

सुबह 9 से 12 बजे तक आयोजित होने वाली इन परीक्षाओं के लिए परीक्षार्थियों को सुबह 8.30 बजे परीक्षा कक्ष में उपस्थित होना होगा। 8.45 बजे के बाद किसी भी छात्र को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। 10 मिनट पहले यानि 8.50 बजे उत्तर पुस्तिका जबकि 8.55 बजे प्रश्न-पत्र वितरित कर दिए जाएंगे। नियमित परीक्षार्थियों को प्रेक्टिकल परीक्षाएं उन्हीं के स्कूलों में 05 मार्च से 20 मार्च के बीच जबकि प्राइवेट परीक्षार्थियों की प्रेक्टिकल परीक्षाएं उन्हें आवंटित परीक्षा केंद्रों पर 05 फरवरी से 28 फरवरी के बीच आयोजित होंगी।

### 41 केंद्रो पर पूर्ण फर्नीचर की रहेगी उपलब्धता

बोर्ड परीक्षाओं के दौरान इस बार विभाग ने अधिकांश ऐसे स्कूलों का चयन परीक्षा केंद्र के रूप में किया है जहां पर्याप्त फर्नीचर उपलब्ध है। यही कारण है कि इस बार 68 केंद्रो में से 41 केंद्रो पर परीक्षार्थी टेबल कुर्सी पर बैठकर परीक्षा दे पाएंगे ।जबकि 21 केंद्र ऐसे हैं जहां अधिकांश कक्षों में फर्नीचर रहेगा जबकि कुछ कक्षों में टाटपट्टी की व्यवस्था रहेगी। हालांकि छह परीक्षा केंद्र ऐसे हैं जहां फर्नीचर की अनुपलब्धता के चलते टाटपट्टी की ही व्यवस्था की गई है ।

### इनका कहना है

-सोमवार को जिले के 68 परीक्षा केंद्रों पर हाई स्कूल का पहला प्रश्न पत्र हिंदी विषय का आयोजित किया जाएगा। परीक्षा केंद्रों पर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। निगरानी रखने के लिए उडन् दस्ते भी गठित किए गए हैं। सभी केन्द्रो पर परीक्षा, माध्यमिक शिक्षा मंडल के निर्देशों के अनुसार संपन्न कराई जाएगी।

**समर सिंह राठौड़,**
**जिला शिक्षा अधिकारी शिवपुरी**

# हर वर्ग के कल्याण के लिए तत्पर होकर काम कर रही है सरकारः केंद्रीय मंत्री सिंधिया

## बदरवास में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने हितग्राहियों को दिए प्रमाण पत्र



**शिवपुरी।** केंद्रीय नागरिक उड्डयन एवं इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया रविवार को बदरवास में आयोजित हितग्राही सम्मेलन में शामिल हुए और उन्होंने भव्य कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को प्रमाण पत्र देकर लाभान्वित किया।

उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए तत्पर होकर काम कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दिशा में सोचा और आज हर नागरिक को शासन की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। देश में 20 करोड़ आयुष्मान कार्ड धारक शासन की योजना का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। जिससे प्रत्येक नागरिक को स्वास्थ्य से संबंधित लाभ प्राप्त हो सके। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत शिवपुरी जिले में 53 हजार प्रधानमंत्री आवास बनाए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की। केंद्र सरकार की इस योजना से ऐसे व्यक्ति जिनके पास स्वयं का आवास नहीं था। जो कच्चे घर में निवास करते थे उनको पक्का घर दिया गया है। उन्होंने कहा कि जिले के आदिवासी ग्रामों को विकास से जोडऩे हेतु शिक्षा के लिए स्कूल, स्वास्थ्य केंद्र सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं से आदिवासी भाई बहनों को लाभांवित किया जाएगा। जो अभी तक पिछड़े थे अब उन्हें मुख्यधारा से जोडऩे का संकल्प है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, शहरी, पीएम स्वनिधि, स्वरोजगार योजना, पीएम जनमन, आयुष्मान कार्ड, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन सीसी लिमिट सहित हितग्राहियों को प्रमाण पत्र बांटे। कार्यक्रम के दौरान स्व सहायता समूह से जुड़ी लीला प्रजापति ने अपनी सफलता की कहानी सुनाई। समूह की सदस्य ने उन्हें जैकेट भी भेंट की। इस मौके पर विधायक कोलारस महेंद्र सिंह यादव, विधायक शिवपुरी देवेंद्र जैन, जिला अध्यक्ष राजू बाथम, जिला पंचायत अध्यक्ष नेहा यादव, नगर परिषद बदरवास अध्यक्ष प्रयाग बाई परिहार, नगर परिषद उपाध्यक्ष भूपेंद्र यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण व अधिकारी मौजूद थे।

# परीक्षा से पहले पोहरी बीईओ मोतीलाल को नोटिस

## पर्यवेक्षकों की तैनाती में गंभीर अनियमितता पर हुई कार्रवाई, भटनावर केंद्र के पर्यवेक्षक भी बदले

**शिवपुरी।** सोमवार से शुरू होने जा रहीं बोर्ड परीक्षाओं से पहले जिला शिक्षा अधिकारी समर सिंह राठौड़ परीक्षा जैसे महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ एक्शन मोड में आ गए हैं। पोहरी के भटनावर परीक्षा केंद्र पर पोहरी बीईओ द्वारा भेजी गई 42 पर्यवेक्षकों की सूची में महज तीन महिला पर्यवेक्षक लगाने और अधिकांश पुरूष शिक्षक 20 से 30 किमी दूर स्थित बैराड़ संकुल के अंतर्गत आने वाले विद्यालयों के लगाए जाने को लेकर न केवल नाराजगी जताई है बल्कि इसे गंभीर अनियमितता मानते हुए पोहरी के प्रभारी बीईओ मोतीलाल खंगार को नोटिस जारी कर जबाब तलब किया है। इतना ही नहीं, शिकायतों के बाद भटनावर परीक्षा केंद्र के पूर्व में नियुक्त पर्यवेक्षकों को हटा कर नए पर्यवेक्षक नियुक्त करने की कार्रवाई की गई है।

बीईओ खंगार को जारी नोटिस में जिला शिक्षा अधिकारी ने उल्लेख किया है कि 11 जनवरी को बोर्ड परीक्षा केंद्रों पर निर्धारित छात्र संख्या के मान से पर्यवेक्षण हेतु पर्याप्त महिला शिक्षकों व पुरूष शिक्षकों की जानकारी कलेक्टर की अध्यक्षता में निर्धारित समिती के अनुमोदन हेतु चाही गई थी, जिसमें बीईओ खंगार द्वारा भटनावर परीक्षा केंद्र के लिए प्रस्तुत 42 पर्यवेक्षकों की सूची में गंभीर अनियमितताएं परीलक्षित हुई हैं। दूरस्थ स्कूलों के पुरूष शिक्षकों के अलावा सिर्फ तीन महिला पर्यवेक्षक यहां लगाए गए, जिससे स्पष्ट है कि पर्यवेक्षक सूची पूर्ण पारदर्शित, सूचिता एवं बोर्ड के निर्देशों के अनुसार तैयार नहीं की गई। यह कृत्य मंडल के निर्देशों के विपरीत व कदाचरण की श्रेणी में आता है और मंडल परीक्षाओं को प्रभावित करने की मंशा भी प्रतीत होती है। डीईओ ने बीईओ खंगार को तत्काल नियमानुसार पर्यवेक्षकों की नियुक्ति करने व समक्ष में उपस्थित होकर इस लापरवाही पर जबाब तलब किया है। प्रतिकूल स्थिती पर एक पक्षीय कार्रवाई प्रस्तावित करने की बात नोटिस के माध्यम से कही गई है।

### नगर परिषदों में लगाए शिविरों में बनाए गए 1337 आयुष्मान कार्ड

**रीवा।** आयुष्मान स्वास्थ्य योजना से पात्र हितग्राही को आयुष्मान कार्ड के माध्यम से एक साल में पाँच लाख रुपए तक के उपचार की सुविधा मिलती है। पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए एक से तीन फरवरी तक जिले के सभी नगरीय निकायों में शिविर लगाए गए। इन शिविरों में छः नगर परिषदों में 1337 आयुष्मान कार्ड बनाए गए। नगर परिषद चाकघाट में 260, नगर परिषद गुढ़ में 185 तथा बैकुण्ठपुर में 145 आयुष्मान कार्ड बनाए गए। नगर परिषद नईगढ़ी में 223, नगर परिषद सेमरिया में 229 तथा नगर परिषद गोविंदगढ़ में 295 आयुष्मान कार्ड बनाए गए। कॉमन सर्विस सेंटर, आशा कार्यकर्ता तथा स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा आयुष्मान कार्ड लगातार बनाए जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में आशा कार्यकर्ता तथा ग्राम रोजगार सहायक द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं।

# कलेक्टर ने विशेष अभियान में फाईलेरिया की दवा खिलाने की अपील की

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने फाईलेरिया उन्मूलन अभियान के संबंध में बताया है कि फाईलेरिया मच्छर से फैलने वाला रोग है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए गए सर्वेक्षण के अनुसार जवा, त्योंथर तथा सिरमौर विकासखण्डों में इसके रोगी मिले हैं। इन्हीं तीन विकासखण्डों में 10 फरवरी से 23 फरवरी तक फाईलेरिया नियंत्रण अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत 10 से 13 फरवरी तक बूथ में फाईलेरिया नियंत्रण की तीन दवाएं दी जाएंगी। सभी को बूथ पर ही फाईलेरिया की दवा खिलाने का प्रयास करें। जिला शिक्षा अधिकारी सभी स्कूलों में तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास भी आंगनवाड़ी केन्द्रों में फाईलेरिया की दवा खिलाने की व्यवस्था करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सभी विकासखण्डों में आकस्मिक उपचार दल तैनात रखें। दवा खाने के बाद कभी-कभी उल्टी, बुखार जैसी शिकायत होती है। मेडिकल टीम तत्काल पहुंचकर इसका उपचार करे।

कलेक्टर ने कहा है कि फाइलेरिया उन्मूलन के लिए 3 दवाएं एल्बेंडाजोल, डीईसी तथा एक अन्य गोली दी जा रही है यह पूरी तरह से सुरक्षित है। इन दवाओं को खाली पेट नहीं लेना है। इसलिए सभी व्यक्तियों को भोजन अथवा नाश्ता करके ही दवा लेने के संबंध में जागरूक करें। फाइलेरिया का कीटाणु शरीर में प्रवेश करने के बाद 20 वर्षों बाद तक असर दिखाता है। इसलिए बुखार या अन्य लक्षण न होने पर भी सभी को फाइलेरिया की दवा अवश्य लेनी है। अभियान में दवा खिलाने के लिए तैनात करने वाले कर्मचारियों को प्रशिक्षण के दौरान दवा बांटने के स्थान पर दवा खिलाने के लिए प्रेरित करें। जिस तरह सबके सहयोग और प्रयासों से पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाया गया उसी तरह यह अभियान भी सफल होगा।

इस अभियान के तहत 2 साल से अधिक आयु के सभी व्यक्तियों को फाइलेरिया नियंत्रण के लिए तीन दवाएं खिलाई जायेगी। दवा 10 से 13 फरवरी को बूथ स्तर पर खिलाई जायेगी। जो व्यक्ति दवा खाने से वंचित रह जायेंगे उन्हें 14 फरवरी से 19 फरवरी तक घर-घर जाकर दवा खिलाई जायेगी। दवा खिलाने का फालोअप 20 से 23 फरवरी तक लिया जायेगा। दवा खिलाने के लिए हर बूथ पर दो प्रशिक्षित कर्मचारी तैनात रहेंगे। अभियान में 250 से 400 व्यक्तियों को दवा खिलाने के लिए एक दल तैनात रहेगा। अभियान में 2 साल से कम आयु के बच्चों, गर्भवती महिलाओं तथा गंभीर रोग से पीड़ितों को दवा नहीं खिलाई जायेगी।

### कलेक्टर आज करेंगी टीएल पत्रों की समीक्षा

**रीवा।** कलेक्ट्रेट सभागार में 5 फरवरी को प्रातः 11 बजे से आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल टीएल पत्रों के निराकरण की समीक्षा करेंगी।

# झांसी में सड़क हादसे में दो दोस्तों की मौत, 4 लोग घायल



### झांसी में सड़क हादसे में दो दोस्तों की मौत, 4 लोग घायल

### बारात में जाते समय अज्ञात वाहन ने कार में टक्कर मारी

**शिवपुरी।** झांसी के दो दोस्तों की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। वे कार से अपने दोस्त के बड़े भाई की शादी में शामिल होने जा रहे थे। रास्ते में अज्ञात वाहन की टक्कर से कार असंतुलित होकर 3 बार पलटी खा गई। हादसे में दोनों दोस्तों की मौत हो गई, जबकि उनके 4 साथी घायल हैं। हादसा शनिवार रात को मध्य प्रदेश के दिनारा कस्बे के पास हुआ। चारों घायलों को उपचार के लिए अस्पतालों में भर्ती करवाया गया है। वहीं, दोनों शवों के झांसी मेडिकल कॉलेज में पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है।

मृतकों के नाम नरेंद्र रायकवार उम्र 27 वर्ष पुत्र प्रदीप कुमार और जितेंद्र अहिरवार उम्र 24 वर्ष पुत्र रविंद्र अहिवार था। दोनों झांसी के मोंठ कस्बे के तहसीलपुरा के रहने वाले थे। यशपाल ने बताया कि उनके दोस्त जतिन के बड़े भाई की शादी थी। शनिवार शाम को बारात खनियाधाना गई थी। दोनों अर्टिगा कार से शाम को रवाना हुए। साथ में 4 दोस्त और थे। कार नरेंद्र चला रहा था। सभी ने पहले दतिया में मां पीतांबरा के दर्शन किए। इसके बाद वे खनियाधाना के लिए रवाना हो गए। रात करीब 9 बजे वे दिनारा के पास पहुंचे। तभी एक अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी। इसके बाद कार 3 से 4 पलटी खाकर खेत में जा गिरी। हादसे के बाद आसपास के लोग एकत्र हो गए। सभी को झांसी मेडिकल कॉलेज लाया गया। जहां पर नरेंद्र और जितेंद्र को मृत घोषित कर दिया गया। वहीं, उनके दोस्त दीपक, सेखू खान, प्रवण यादव और अनस खान का इलाज चल रहा है।

### एक परिवार ने इकलौता बेटा खोया, दूसरे ने दो माह में दो बेटे

हादसे के बाद दो घरों में कोहराम मच गया। जितेंद्र अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। वह शादियों में डेकोरेशन का काम करता था। उसकी दो बहनें है। इसमें एक बहन की शादी हो चुकी है। जितेंद्र और एक बहन अविवाहित है। इकलौते बेटे की मौत के बाद माता-पिता और बहनों का रो रोकर बुरा हाल है। वहीं, नरेंद्र तीन भाइयों में वह सबसे बड़ा था। दो माह पहले उसके छोटे भाई धर्मेंद्र की मौत हो गई थी। अब सबसे छोटा भाई मनीष बचा है। नरेंद्र की शादी हो चुकी थी। उसका तीन साल का एक बेटा है। दो माह में दो भाइयों की मौत के बाद घर में कोहराम मचा हुआ है।

# चिटफण्ड कंपनी से राशि वापिस लेना है तो बड्स एक्ट 2019 के तहत आवेदन करेंः एडवोकेट मिश्रा

### जमाकर्ताओं ने नये साल में, शिवपुरी में अपने दावे आवेदन पेश करना शुरू किया

### बीते चार साल में एक भी दावा आवेदन पेश नहीं

**शिवपुरी।** चिटफण्ड कंपनियों के जाल में फंसकर कई गरीब एवं मध्यम वर्ग के लोग अपनी जीवन भर की कमाई गबा चुके है, उन्हें लाभांश तो दूर की बात है, जमा मूल धन ही नहीं मिल पा रहा है। शिवपुरी जिले में विगत दिनों सैकड़ों, ठग और बेईमान चिटफण्ड कंपनी, ज्यादा ब्याज का प्रलोभन देकर, हजारों लोगों से करोड़ों रुपए की राशि, लेकर भाग गई, उनके बैंक खाते खाली है, उनमें कोई राशि जमा नहीं है, उनकी कोई प्रॉपर्टी (सम्पत्ति) भी शिवपुरी में नहीं है।

भारत सरकार द्वारा गरीब जमाकर्ता के हितों की गारंटी का कानून अविनियमित निक्षेप स्कीम पाबंदी अधिनियम 2019 (बड्स एक्ट 2019) बनाया हुआ है, लेकिन बीते चार साल में शिवपुरी में एक भी जमाकर्ता, पीड़ित गरीब निवेशक ने ठग ओर बेईमान चिटफण्ड कंपनी के खिलाफ अपना रकम वापसी का दावा (आवेदन), दावा अधिकारी के सामने पेश नहीं किया है, नए साल में सहारा इंडिया के ख़िलाफ़ चार निवेशकों ने अपने दावे आवेदन कलेक्ट्रेट कार्यालय व पुलिस अधीक्षक शिवपुरी के कार्यालय में पेश कर दिए हैं, इस तरह पीड़ित गरीब निवेशकों द्वारा इस कानून के तहत, अपनी जमा राशि का भुगतान कराने हेतु निवेदन करना शुरू कर दिया है। एडवोकेट रमेश मिश्रा ने प्रेस विज्ञप्ति में कानून के बारे में जानकारी देते हुए, बताया है कि, मध्य प्रदेश सरकार ने 27/11/2019 को गजट नोटिफिकेशन (अधिसूचना) जारी कर, भारत सरकार के इस कानून को मध्य प्रदेश में लागू कर दिया है, इस अधिनियम की धारा 7(1) के तहत संभागीय आयुक्त को उनके अधिकार क्षेत्र में सक्षम प्राधिकारी एवं अधिनियम की धारा 7(2) के तहत प्रत्येक जिले में पदस्थ अपर कलेक्टर को सहायक प्राधिकारी नियुक्त किया है, इस अधिनियम की धारा 7(1) के अन्तर्गत धारा 30 के प्रयोजनों के लिए भार साधक सचिव गृह विभाग, मध्य प्रदेश शासन को प्राधिकारी नियुक्त किया है। भारत सरकार के इस कानून को मध्य प्रदेश में लागू कर दिया है, इसकी जानकारी पीड़ित गरीब निवेशकों को नहीं होने से, धोखाधड़ी कर जमाकर्ता की राशि जमा करा कर, भाग गई, ठग और बेईमान, चिटफण्ड कम्पनियों के खिलाफ वे अपने दावा आवेदन, मध्य प्रदेश सरकार द्वारा नियुक्त प्राधिकारी के सामने ,जमाकर्ता पीड़ित गरीब निवेशक, पेश नहीं कर पा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि, ठग ओर बेईमान चिटफण्ड कम्पनियों के अबेध क्रियाकलापो की बुराई से निपटना अत्यधिक महत्वपूर्ण था, इसलिए राष्ट्रपति द्वारा 21 फरवरी 2019 को अविनियमित नि. स्कीम पाबंदी अध्यादेश 2019 प्रख्यापित किया गया था, अब अबिनियमित नि. स्कीम पाबंदी अध्यादेश 2019 को संसद के अधिनियम द्वारा 31/07/2019 को प्रतिस्थापित कर दिया है।

### सीआरपीएफ जवान बिस्तर से गिरा, फिर उठा नहीं, हार्ट अटैक की आशंका

# छुट्टी पर घर आया था जवान, छत्तीसगढ़ में तैनात था



**शिवपुरी।** शिवपुरी में सीआरपीएफ का जवान बिस्तर से उठा और गिर गया। परिजन अस्पताल ले गए, यहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि शव का पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है। हार्ट अटैक आया होगा। हालांकि पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा। बामौर गांव के रहने वाले विनोद पाल (36) छत्तीसगढ़ में सीआरपीएफ की 211 बटालियन में थे। परिजन ने बताया कि विनोद की ड्यूटी लोकसभा चुनाव में लगनी थी। इससे पहले वे 27 दिन की छुट्टी पर अपने घर आए हुए थे। रविवार करीब सुबह 6 बजे विनोद ने पत्नी रामसखी से चाय मांगी। रामसखी चाय देने पहुंची तो विनोद बिस्तर से खड़े होते ही गिर गए। परिवार का कहना है कि विनोद को दिल का दौरा पड़ा था। शिवपुरी के सीआरपीएफ कमांडेंट प्रवीण थपलेयाल ने बताया, पोस्टमॉर्टम के बाद जवान का पैतृक गांव बामौर में अंतिम संस्कार गार्ड ऑफ ऑनर के साथ किया जाएगा। विनोद पाल कुल चार भाई हैं। विनोद की शादी 2005 में हुई थी। उनके दो बेटे और एक बेटी है। शादी के बाद साल 2011 में विनोद सीआरपीएफ में भर्ती हुए थे। चार दिन पहले ही छुट्टी पर घर आए थे।

# बोर्ड परीक्षा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिये कलेक्टर ने उड़नदस्ते किये गठित

**मुरैना,कासं.।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्ड्री की परीक्षा 5 एवं 6 फरवरी 2024 से प्रातः 9 से दोपहर 12 बजे तक आयोजित की जा रही है। इस संबंध में कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने जिले में 74 परीक्षा केन्द्र बनाये है। जिन परीक्षा केन्द्रों पर 55 हजार 499 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। कलेक्टर ने बताया कि 74 परीक्षा केन्द्रों में से 47 अतिसंवेदनशील, 15 संवेदनशील और 12 सामान्य परीक्षा केन्द्र रहेंगे। कलेक्टर ने बताया कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले तहसील कैलारस एवं पहाडगढ़ के समस्त परीक्षा केन्द्रों की मॉनीटरिंग करेंगे। अपर कलेक्टर श्री सीबी प्रसाद तहसील पोरसा एवं अम्बाह के समस्त परीक्षा केन्द्रों की मॉनीटरिंग करेंगे। संयुक्त कलेक्टर श्री राजन बी नाडिया तहसील सबलगढ़ के समस्त परीक्षा केन्द्रों की मॉनीटरिंग करेंगे। डिप्टी कलेक्टर सुश्री मेघा तिवारी तहसील मुरैना के समस्त परीक्षा केन्द्रों की मॉनीटरिंग करेंगी। संयुक्त कलेक्टर श्री शुभम शर्मा तहसील जौरा के समस्त परीक्षा केन्द्रों की मॉनीटरिंग करेंगे।

कलेक्टर ने समस्त अनुविभागीय अधिकारियों को लिखित में आदेश जारी किये है कि वे अपने-अपने अनुभाग के अन्तर्गत परीक्षा समयावधि में निरंतर मॉनीटरिंग करेंगे। इसके अलावा परीक्षा केन्द्रों पर निरंतर तहसीलदार, नायब तहसीलदार भी उड़नदस्ते के रूप में भ्रमण पर रहेंगे।



कलेक्टर ने कहा कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, अपर कलेक्टर आवश्यकतानुसार मेरे निर्देशानुसार जिले में कहीं भी भ्रमण कर सकते है। उड़नदस्ते सामूहिक नकल रोकने के लिये माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड के निर्देशों का पालन करें और कार्यवाही करें। अनुचित साधन का प्रयोग करते हुये पाये जाने पर मध्यप्रदेश मान्यता प्राप्त अधिनियम 1937 की धारा डी के अन्तर्गत उसके खिलाफकार्यवाही करें, कार्यवाही के बाद 3 साल का कारावास अथवा 5 हजार रूपये का जुर्माना अधिरोपित करने का प्रावधान है। परीक्षा केन्द्र की 100 मीटर की परिधि में ऐसी सामग्री का पाया जाना जो कि उस विषय की उस दिन एवं उस समय संचालित हो रही हो, को निषेध।परीक्षा केन्द्र की 100 मीटर की परिधि में कोई अनाधिक्रत व्यक्ति अनाधिक्रत रूप से ऐसी कोई जानकारी दे रहा हो, अथवा परीक्षा केन्द्रों के कक्षों के भीतर छात्रों को परीक्षा देने में प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष रूप से मदद दे रहा हो, संदिग्ध मानी जायेगी।

परीक्षा केन्द्र पर दुष्प्रवती को रोकने, अंकुश लगाना है। यदि किसी परीक्षा केन्द्र पर सामूहिक नकल प्रकाश में आती है, तो प्रारूप 2 में प्रतिवेदन तैयार कर एक प्रति कलेक्टर एवं एक प्रति सचिव माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल को प्रेषित की जाये।

### आंसर सीट न बदले इसलिये क्यूआर कोड सिस्टम

माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल ने इस बार कड़ी निगरानी में बोर्ड परीक्षा प्रारंभ करने का जा रहा है। कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षार्थी की आंसर सीट न बदलें, इसलिये क्यूआर कोड सिस्टम लागू किया है।

### कोड स्केन करते ही निकलेगी परीक्षार्थी की जानकारी

बोर्ड परीक्षा में परीक्षार्थी के प्रवेश पत्र परसही जानकारी स्पष्ट नहीं होने पर प्रवेश पत्र पर क्यूआर कोड को स्केन करते ही परीक्षार्थी की सही जानकारी और सही प्रवेश पत्र सामने आ जायेगा, जिनमें जन्मतिथि, फोटो सहित अन्य जानकारी होगी।

### परीक्षा परिधि में मोबाइल रहेगा प्रतिबंधित

कलेक्टर ने सभी केन्द्राध्यक्षों को निर्देश दिये है कि परीक्षा परिधि में मोबाइल पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। शिक्षक एवं परीक्षार्थी ऐसी कोई चीज परीक्षा भवन में न लायें, जिससे परीक्षा में बाधा उत्पन्न हो।

### परीक्षा केन्द्र की परिधि में रहेगी धारा 144 लागू

कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने कहा है कि बोर्ड परीक्षायें स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न हो। इसके लिये मुरैना जिले के 74 परीक्षा केन्द्रों की परिधि में धारा 144 लागू रहेगी।

### परीक्षा केन्द्रों पर कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा के रहेंगे कड़े प्रबंध

कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने बोर्ड परीक्षा को ध्यान में रखते हुये पुलिस अधीक्षक मुरैना को पत्र लिखकर कहा है कि 5 एवं 6 फरवरी से 5 मार्च 2024 तक बोर्ड परीक्षा प्रातः 9 से दोपहर 12 बजे तक जिले के 74 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न कराई जायेगी। परीक्षा केन्द्रों पर कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा के कड़े प्रबंध रहें, इसके लिये सभी परीक्षा केन्द्रों पर पुलिस बल की व्यवस्था की जाना है। जिसमें संवेदनशील, अतिसंवेदनशील परीक्षा केन्द्रों पर अतिरिक्त पुलिस बल लगाया जाये।

## भगवान की मूर्तियों की स्थापना के बाद अखंड रामायण पाठ करके विश्व शांति के लिए हवन-यज्ञ में आहुतियां दी गई

**पोरसा।** धनेटा रोड कोथर खुर्द कॉलोनी में काफी लंबे समय से एक मंदिर की कमी महसूस की जा रही थी मोहल्ले के समाजसेवियों ने वह धर्म प्रेमियों ने संयुक्त रूप से मिलकर आपस में सहयोग करके कौथर खुर्द कॉलोनी धनेटा रोड पोरसा पर राधा कृष्ण मंदिर की स्थापना की,, जिसमें मां दुर्गा जी की प्रतिमा, भगवान राधा कृष्ण जी की प्रतिमा, हनुमान जी की प्रतिमा, व शिव परिवार महादेव जी पार्वती जी गणेश जी कार्तिकेय जी नंदी बाबा वह नाग देवता की मूर्तियों की आज स्थापना के बाद विश्व शांति के लिए धर्माचार्य पंडित रामदुलारे शास्त्री के द्वारा हवन आहुतियां दिलवाई गई हवन-यज्ञ में आहुतियां भूप सिंह तोमर अध्यक्ष क्षत्रिय महासभा पोरसा, मंगल सिंह तोमर पूर्व सरपंच, सुरेश सिंह तोमर फौजी, राजेंद्र सिंह तोमर, रामगोपाल सिंह, बाबू सिंह ,मायाराम शर्मा, मुनीम सिंह, मकरंद सिंह तोमर, श्रीव सिंह, पान सिंह, लोकेंद्र सिंह, बिष्णु श्रीवास,आदि के द्वारा प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के बाद हवन-यज्ञ में आहुतियां दी तथा व्यवस्थाएं देखी गई ।



## अम्बाह थाना प्रभारी का सराहनीय कार्य अंधे कत्ल का किया 72 घंटे में पर्दाफाश

### थाना प्रभारी आलोक परिहार के आने से अम्बाह में लग रहा है अपराधों पर अंकुश



**अम्बाह ।** तीन दिन पहले न्यू जीनियस स्कूल के पास मिली सुरेश सखवार की मौत का पर्दाफाश आज पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में अम्बाह पुलिस ने मृतक सुरेश सखवार की मौत का राज खोल दिया उसकी पत्नी हेमा सखवार के कहने पर की गई थी हत्या हत्या करने वाले लोगो को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया इसमें रानू कुशवाह पुत्र रामलखन उम्र 26 साल हेमा सखवार पत्नी सुरेश सखवार व मुनेंद्र तोमर पुत्र कुम्हेर सिंह इसमें 2 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है जबकि मुनेंद्र तोमर अभी फरार है इसमें मुख्य रूप से थाना प्रभारी आलोक सिंह परिहार एस आई बाल किशन एस आई डी एस कुशवाह एस आई प्रज्ञा शील एस आई पंकज यादव ए एस आई किशन सिंह आरक्षक सतेंद्र गुर्जर जोगेंद्र भदौरिया ध्रुव परमार चालक राकेश जाट की सराहनीय भूमिका रही।

# जीवन चक्र में धन पद पा कर दीन को भूलना मनुष्यत्व नही : ब्रह्म कुमारी

### 268 मरीज और 26 सेवक हुए उपस्थित

**मुरैना।** आज दिनांक 4 फरवरी 2024 को मेजर रामकुमार शर्मा परमार्थ न्यास में प्रभु श्री सीताराम जी की पूजा अर्चना, रामचरित मानस का पाठ, एवं विनय पत्रिका एवं भक्तमाल की कथा हुई इसके साथ ही 268 मरीजो ने अपना परीक्षण करा के उपचार कराया, विषय बार मरीजो की संख्या इस प्रकार रही -दन्त रोग 66 स्व- जगदीश प्रसाद गुप्ता मेडिसिन कक्ष में 65, नाक कान गला 39 , सर्जरी 41, अस्थि रोग 40, नैत्र रोग 18, अन्य उक्त शिविर में विशेष रूप से निम्न कार्य सम्पादित किये गए -दांतों के सेट1, ब्लड प्रेसर की जाँच 27, ई.सी.जी 1, इंडियन डेंटल एसोसिएशन के तहत तम्बाखू, बीड़ी, सिगरेट, शराब से ग्रसित मरीज 32 नशा छोड़ने का संकल्प लिया 17, फिजियोथेरेपी मशीन से उपचार 18, एम्स में पंजीयन0 इसके अलावा स्व. अंकित जैन स्मृति दन्त चिकित्सा कक्ष मे- दांत शल्य क्रिया46, अल्ट्रासोनिक मशीन से पायिरिया का इलाज19, परमार्थ न्यास में आँखों की डिजिटल जांच की सुविधा स्व. प्रकाश शर्मा स्मृति कक्ष मे प्रारंभ हुई जिसमेङ्क आँखों की जाँच 12 एवं इलेक्ट्रिकल लैंप के माध्यम से चश्मे का नंबर प्रदान किये, निष्काम भाव से सेवको ने सेवा की। डॉ एस.के.शर्मा, डॉ बी.एल. राजपूत, डॉ प्रगति गुप्ता, प्रदीप शर्मा, सुषमा शर्मा, कस्तूरी, जूली प्रजापति, सलोनी श्रीवास, आस्था अवस्थी, ओमवती, ममता, बबिता, गुड्डी, दीक्षा सिकरवार, मनीराम, भगवान शर्मा, अनुपम जी, होत्तम कुशवाह, भगवान शर्मा, दीपू तोमर, मयूर अग्रवाल, हाकिम सिंह, पवन शर्मा, अभिषेक अग्रवाल, सचिन, सूरज शर्मा आदि ने निन्शुल्क सेवाए प्रदान की।

### कैंसर दिवस पर नशा मुक्ति की ली शपथ



प्रत्येक रविवार की तरह सभी समाजसेवियो ने अपनी सेवाये परमार्थ न्यास में यथावत प्रदान की। भगवान स्वरूप में पधारे हुये सभी मरीजों ने अपना ईलाज कराया। परमार्थ न्यास में प्रत्येक रविवार की तरह सभी सेवकों ने उपस्थित होकर पूजा पाठ रामचरितमानस पाठ भकात्मल कथा विनय के पद रामरक्षा स्त्रोत का पाठ आरती एवं संकीर्तन किया एवं श्रवण लाभ लिया।

आज परमार्थ न्यास में ब्रह्म कुमारी जी पधारे आपने यहाँ पूजा में शामिल होकर रामचरित मानस पाठ भक्तमाल कथा। रामरक्षास्तोत्र पाठ का श्रवण किया तथा परमार्थ न्यास के सभी सेवकों द्वारा की जा रही निःस्वार्थ सेवा का स्वरूप देखकर हृदय से प्रसन्नता प्रकट करते हुए कहा कि एक समय की बात है एक रियासत में एक राजमाता रहती थी। वह बहुत धार्मिक विचारों की स्त्री थी। एक दिन राजमाता ने सोचा कि क्यों न सोने का तुला दान कर के मंदिर में चढ़ाया जाए। राजमाता ने अपने मन में आये विचार को अंजाम तो दिया। परन्तु ऐसा करने के बाद उसके मन में अहंकार पैदा हो गया कि आज तक और किसी ने बहुमूल्य सोने का दान नहीं किया होगा। रात को जब वह सोयी तो भगवान ने उसके सपने में आकर उसे कहा कि मेरे मंदिर में एक गरीब महिला आई है। उसके संचित पुण्य असीमित हैं। उनमे से कुछ पुण्य तुम स्वर्ण मुद्राएँ देकर खरीद लो। तुम्हारे परलोक में काम आएंगे।

जैसे ही राजमाता की नींद खुली, वह बहुत बैचैन हो उठी और उसने अपने सिपाहियों को आदेश दिया कि मंदिर में एक गरीब महिला मिलेगी उसे यहाँ ले आयो। राजमाता के आदेशानुसार सिपाही मंदिर से उस महिला को पकड़कर ले आये। वह गरीब महिला बहुत घबराई हुई थी। राजमाता ने उस महिला से कहा कि 'तुम अपने संचित पुण्य में से कुछ हमें दे दो बदले में हम तुम्हे जितनी तुम चाहो तुम्हे स्वर्ण मुद्राएँ भेंट करेंगे।

यह सुनकर वह महिला बोली कि मुझ गरीब से भला पुण्य के कार्य कैसे हो सकते है। मैं तो दर दर भटक कर भीख मांगती हूँ। कल जब मुझे भीख मिली तो मेरे मन में विचार आया कि मंदिर में जाकर भगवान को भोग लगा दूँ और उनके दर्शन भी कर लूँ। पर रास्ते में मुझे एक भिखारी मिला जो बहुत भूखा था। इसलिए मैंने आधा सत्तू उसे दे दिया और बाकि सत्तू का मैंने मन्दिर में भगवान को भोग लगा दिया। जब मैं भगवान को ठीक से प्रसाद भी नहीं चढ़ा पायी तो भला पुण्य कैसे अर्जन होगा? यह सब सुनकर राजमाता की आँखे खुल गयी और उसका अहंकार नष्ट हो गया। क्योंकि अब वो समझ चुकी थी कि निस्वार्थ समर्पण की भावना से प्रसन्न होकर भगवान ने उसे असीमित पुण्य दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### चार नेशनल लोक अदालतों का 09 मार्च, 11 मई, 09 सितंबर और 14 दिसंबर को होगा आयोजन

**मुरैना।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार वर्ष 2024 में आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के क्रम में पहली 09 मार्च 2024, दूसरी 11 मई 2024, तीसरी 09 सितंबर 2024 एवं चौथी 14 दिसंबर 2024 को नेशनल लोक अदालतों का आयोजन किया जायेगा। इसी क्रम में वर्ष 2024 की प्रथम नेशनल लोक अदालत का आयोजन 09 मार्च 2024 को किया जायेगा। नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा। लोक अदालत के माध्यम से राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरणों, सिविल प्रकरणों, चेक बाउंस प्रकरणों, वैवाहिक एवं पारिवारिक प्रकरणों, विद्युत अधिनियम के प्रकरणों, धन वसूली प्रकरणों आदि का निराकरण पक्षकारों की आपसी सहमति से किया जायेगा।

### आयुष्मान निरामय योजना का उद्देश्य गरीब एवं असहाय परिवरों को गुणवत्ता पूर्ण ईलाज समय पर उपलब्ध कराना : सीएमएचओ डॉ. शर्मा

**मुरैना।** जिले में पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड आशा कार्यकर्ता द्वारा आयुष्मान एप के माध्यम से बनाये जा रहे है। पात्र हितग्राही घर बैठे ही आयुष्मान एप डाउनलोड कर अपना कार्ड बनवा सकते है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राकेश शर्मा ने बताया है, कि आयुष्मान भारत निरामय के लिये सामाजिक जनगणना में सम्मलित पात्र परिवार, संबल योजना कार्ड धारक परिवार, खादय पर्ची धारक परिवार के हितग्राही भी सम्मलित है। जिले में आयुष्मान कार्ड धारी आयुष्मान भारत निरामय योजना के अन्तर्गत शासकीय एवं प्राईवेट चिन्हित अस्पतालों में भर्ती होकर निःशुल्क उपचार करा सकते है। प्रत्येक परिवार को प्रतिवर्ष 5 लाख तक का निःशुल्क उपचार दिया जाता है। इस योजना के अन्तर्गत कैंसर, गुर्दारोग, निःसंतानता, डेंगू, मोतियाबिन्द, कोविड-19 सहित गंभीर बीमारियों का उपचार किया जाता है। आयुष्मान निरामय योजना का उद्देश्य गरीब एवं असहाय परिवरों को गुणवत्ता पूर्ण ईलाज समय पर उपलब्ध कराना है।

### गेहूँ उपार्जन के लिए पंजीयन आज से प्रारंभ

**किसान निर्धारित केन्द्रों पर निःशुल्क पंजीयन करा सकते है**

**मुरैना।** रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जित करने के लिए किसानों की सुविधा के लिए पंजीयन प्रक्रिया निर्धारित की गई है। पंजीयन प्रक्रिया 05 फरवरी से 01 मार्च तक किया जाना है। किसान निःशुल्क पंजीयन के लिए तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र, ग्राम पंचायत कार्यालय में स्थापित सुविधा केन्द्र, जनपद पंचायत कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र, सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र, एमपी किसान एप पर किसान पंजीयन 05 फरवरी से 01 मार्च 2024 तक निःशुल्क कर सकते है। जिले में रबि उपार्जन वर्ष 2024-25 अंतर्गत समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिए किसान अपनी सुविधा अनुसार निःशुल्क पंजीयन कराने के लिए भूमि संबधी दस्तावेज एंव किसान के आधार से लिंक बैंक खाते, मोबाईल नंबर एंव आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगें। ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन उपरांत अधिकृत पंजीयन केन्द्रों पर पंजीयन सुविधा एवं शुल्क राशि के संबंध में आवश्यक बैनर लगाया जाना सुनिश्चित किया जाए। किसान पंजीयन के लिए भूमि संबंधी दस्तावेज एवं किसान के आधार एवं अन्य पहचान पत्रों का समुचित परीक्षण कर उनका रिकार्ड रखा जाना अनिवार्य होगा। सिकमी, बटाईदार, कोटवार एंव वन पट्टाधारी किसान के पंजीयन की सुविधा केवल सहकारी समिति एवं सहकारी विपणन संस्था स्तर पर स्थापित पंजीयन केन्द्रों पर उपलब्ध होगी। इस संबंध में शत-प्रतिशत किसानों का सत्यापन राजस्व विभाग द्वारा किया जाएगा। पंजीयन व्यवस्था में बेहतर सेवा प्राप्त करने के लिए यह जरूरी होगा, कि किसान अपने आधार नंबर से बैंक खाता और मोबाईल नंबर को लिंक कराकर उसे अपडेट रखें।

### जनपद में विशेष सतर्कता हेतु कलेक्ट्रेट में कन्ट्रोल रूम स्थापित

**प्रतापगढ़।** अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा ने बताया है कि जनपद न्यायालय वाराणसी में विचाराधीन ज्ञानव्यापी विवाद में पारित आदेश के परिप्रेक्ष्य में परिव्याप्त संवेदनशीलता एवं शांति व्यवस्था सम्बन्धी उत्पन्न स्थिति को दृष्टिगत रखते हुये सम्पूर्ण जनपद क्षेत्र में विशेष सतर्कता के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट स्थित मीटिंग हाल में कन्ट्रोल रूम बनाया गया है जिसका दूरभाष नम्बर 05342-220405 है तथा कन्ट्रोल रूम के प्रभारी मुख्य प्रशासनिक अधिकारी कलेक्ट्रेट है जिनका मोबाइल नम्बर 9026713309 है। कन्ट्रोल रूम प्रभारी के सहयोग में पारसनाथ प्रशासनिक अधिकारी सम्बद्ध जे0आर0के0 व रात्रि में वीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव प्रशासनिक अधिकारी सम्बद्ध ए0आर0ए0 रहेगें। उन्होने कन्ट्रोल रूम में शिफ्टवार कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगा दी है।

## परीक्षा में गड़बड़ी की तो होगी कठोर कार्यवाही:कटारे

**सबलगढ़।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा दिनांक 5 फरवरी से आयोजित की जा रही हाईस्कूल परीक्षा सबलगढ़ ब्लॉक में सात परीक्षा केन्द्रों पर होगी। एसडीएम श्री वीरेन्द्र कटारे ने बताया है कि शासकीय सीएम राइज विद्यालय,शासकीय कन्या उमा विद्यालय,शासकीय बालक उमा विद्यालय जीनफील्ड,अशासकीय किडीज होम स्कूल,शासकीय मॉडल स्कूल,अशासकीय इंदिरागांधी उमा विद्यालय व शासकीय उमा विद्यालय रामपुरकला इन सात परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा सम्पन्न कराने के पूरे इंतजाम किए गए है।उन्होंने कहा कि परीक्षाकेंद्र पर अनुचित साधनों का उपयोग वर्जित रहेगा। एसडीएम श्री कटारे ने चेतावनी दी है कि परीक्षा में गड़बड़ी करने वाले के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने परीक्षा कार्य मे लगाये गए सभी कर्मचारियों को भी आगाह किया है कि परीक्षा ड्यूटी पूरी निष्ठा व ईमानदारी से करें।



# गौसेवक रुद्रप्रताप सिंह ने कुए मे घुसकर श्वान को कुए से सुरक्षित बाहार निकाला

**अंबाह।** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रुअर के जयकरन के पुरा मे स्थित एक कुए मे कुत्ता (श्वान) गिर गया जिसकी सूचना वहाँ के सरपंच रामसेवक ने गौसेवक रुद्रप्रताप सिंह को सूचना मिलते ही गौसेवक रुद्रप्रताप सिंह ने अंबाह एस डी एम को कोल किया लेकिन कोल नही उठा फिर मुरैना ए डी एम को कोल किया तो बोला अंबाह एस डी एम से बात कीजिए फिर पोलिस कंट्रोल रूम मुरैना व अंबाह एस डी ओ पी व थाना प्रभारी से बात की लेकिन किसी ने कोई मदद नही की फिर गौसेवक मुरैना से अपनी टीम व रेस्क्यू का सामान लेकर जयकरण के पुरा पर पहुंचे उनके साथ सूरज राठौर व पवन तोमर भी फिर गौसेवक कुए के पास पहुंचे जहाँ देखा कि कुआ काफी गहरा है फिर कुए मे सीडी डाली और जीव प्रेमी रुद्रप्रताप सिंह ने बॉडी हार्डनेस पहना और धीरे स्थानीय लोगो की मदद से कुए मे उतरे और श्वान को कड़ी मशक्कत करके काबू मे लिया और धीरे धीरे उसे ऊपर खींच लिया फिर गौसेवक रुद्रप्रताप सिंह को भी ऊपर खींच लिया।





स्थानीय लोगो मे सरपंच रामसेवक, पवन तोमर, देवेंद्र, सनी, लक्ष्मण, शिव्वा, वीरवहादुर, शिवकुमार, धर्मेंद्र आदि । युवाओ का कहना है कि उनके साथ कभी भी कहीं भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है अगर प्रशासन मदद करे तो दुर्घटना होने से बचाया जा सकता है 8 महीने पहले भी रुअर पंचायत के लोलकी गाँव मे कुए मे एक गाय गिर गयी थी जिसे भी गौसेवक रुद्रप्रताप सिंह की टीम के सदस्य सुदामा कुशवाह व उमाशंकर उपाध्याय ने वहाँ पहुंचकर उसे बाहर निकाला था वह कुआ अभी भी खुला पड़ा हुआ है जिसकी शिकायत कई बार अंबाह एस डी एम को कर चुके है कभी भी कोई हानि हो सकती है लेकिन कोई कार्यवाही करने को तेयार नही है ।

## सरस्वती शिशु मंदिर का वार्षिकोत्सव आयोजित

**सबलगढ़।** सरस्वती शिशु मंदिर का वार्षिक उत्सव संतर नंबर तीन सबलगढ़ में शनिवार शाम को आयोजित हुआ ।कार्यक्रम का संयोजन प्रधानाचार्य रूपेंद्र दुबे द्वारा किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में सबलगढ़ विधायक श्रीमती सरला रावत उपस्थित रहीं। इस आयोजन के दौरान अतिथियों के रूप में सरस्वती शिशु मंदिर समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, विभाग समन्वयक मुकुट बिहारी शर्मा, प्रांत संयोजक बालिका शिक्षा श्रीमती नीता गोस्वामी, खंड संघ चालक हरी बाबू गुप्ता, समिति उपाध्यक्ष अशोक हरदेनिया सचिव रूपेन्द्र वर्मा,सहसचिव श्रीमती लक्ष्मी गौड़ कोषाध्यक्ष रामसिंह मीणा,सदस्य राजीव लोचन शर्मा , योगेश उपाध्याय,श्रीमती मंजू पालीवाल प्रधानाचार्य रुपेन्द्र दुबे सहित कैलारस प्रधानाचार्य संतोष लाक्षाकार जौरा प्रधानाचार्य अविनाश त्रिपाठी ,शिशु वाटिका जिला प्रमुख श्रीमती मीरा गोलस, सहित बड़ी संख्या में समाजजन एवं दर्शक उपस्थित रहे। दौरान मंच संचालन समिति के सचिव रूपेंद्र वर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रकार की प्रस्तुतियाँ व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में पद्मावती का जौहर, रानी लक्ष्मीबाई नाटिका, लघु नाटक वृद्धाश्रम, नृत्यबृज की होली,के साथ ही अंत में राम आएंगे जैसे कार्यक्रम ने सबका मन मोह लिया और रामलला के आगमन ने सभी दर्शकों को भावुक कर दिया। कार्यक्रम के अंत में दानदाता सम्मान समारोह, आचार्य सम्मान समारोह, समिति सम्मान समारोह आयोजित किया गया ।आभार प्रदर्शन कोषाध्यक्ष रामसिंह मीणा द्वारा किया गया । कार्यक्रम का समापन वन्दे मातरम् गान के साथ किया गया।




## आपदा मित्र पद हेतु आवेदन पत्र 15 फरवरी तक जमा करें : एडीएम

विशेष संवाददाता

**प्रतापगढ़।** अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा ने समस्त उपजिलाधिकारी/समस्त तहसीलदार को निर्देशित किया है कि जनपद में प्रति तहसील कुल 20-20 आपदा मित्र जिसमें 16 पुरूष वॉलन्टियर्स एवं 04 महिला वॉलन्टियर्स आपदा मित्र परियोजना संचालित/क्रियान्वित किये जाने हेतु (एन0वाई0के0एस0, एन0सी0सी0, एन0एस0एस0 और भारत स्काउट्स एण्ड गाइड्स से कम से कम 50 प्रतिशत स्वयंसेवकों की भागीदारी अनिवार्य होगी, उक्त के सम्बन्ध में जनपद के समस्त विद्यालयों/कालेजों में क्रियाशील एन0वाई0के0एस0, एन0सी0सी0, एन0एस0एस0 और भारत स्काट्स एण्ड गाइड्स के वॉलन्टियर्स को भी मुख्यमंत्री आपदा मित्र योजना के सम्बन्ध में सूचना उपलब्ध कराते हुये उनको आपदा मित्र योजना में प्रतिभाग कराना सुनिश्चित करें) उपरोक्त अनिवार्य अर्हताएं एवं निर्धारित मानकों के अनुसार वॉलन्टियर्स का तहसीलवार अपने-अपने सम्बन्धित तहसीलों में चयन कमेटी जिसमें सम्बन्धित तहसील के उपजिलाधिकारी-अध्यक्ष, तहसीलदार-सदस्य, नायब तहसीलदार-सदस्य एवं रजिस्ट्रार कानूनगों आपदा-सदस्य के माध्यम से आवेदन पत्र प्राप्त करते हुये आपदा मित्र के चयन किये जाने की अग्रिम कार्यवाही एवं तहसीलों द्वारा चयनित आपदा मित्र को प्रशिक्षण हेतु चयनित आपदा मित्र की सूची तथा चयनित आपदा मित्र के समस्त आवेदन पत्रों के साथ जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण प्रतापगढ़ को प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित प्रारूप पर दिनांक 15 फरवरी 2024 की सायं 4 बजे तक प्रत्येक दशा में अनिवार्य रूप से ससमय उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

# मुरैना स्टेशन पर तीसरी लाइन से कनैक्शन हेतु इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग में मेजर परिवर्तन का कार्य संपन्न



**मुरैना। (न.सं.)**

मंडल रेल प्रबन्धक दीपक कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन तथा अपर मंडल रेल प्रबंधक विवेक मिश्र की उपस्थिति व वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर (समन्वय) अमित गोयल, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक (समन्वय) अखिल शुक्ल, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक (छ×त्र) संजय कुमार के नेतृत्व में मुरैना स्टेशन के दिल्ली सिरे पर मुरैना - हेतमपुर तीसरी लाइन से कनैक्शन हेतु इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग में मेजर परिवर्तन एवं यार्ड की री-मॉडलिंग सहित नॉन-इंटरलॉकिंग का कार्य संपन्न हुआ। उल्लेखनीय है कि यह कार्य निर्धारित समय से एक दिन पूर्व ही पूर्ण कर लिया गया। उक्त संस्थापन से ग्वालियर से हेतमपुर तक रेल संचालन हेतु तीसरी लाइन उपलब्ध हो गई है, जिससे लाइन क्षमता के साथ-साथ समयपालनता में उत्तरोत्तर वृद्धि होगी इस सफलता मे मंडल परिचालन प्रबंधक, सहायक मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार अभियन्ता आदित्य कपिल, वरिष्ठ खण्ड सिग्नल इंजीनियर सुधीर कान्त, यातायात निरीक्षक आर के वर्मा, संचालन निरीक्षक डी पी सिंह सहित परिचालन तथा सिग्नल व टेलिकॉम विभाग के अन्य कर्मचारियों द्वारा विशेष श्रम किया गया ।

# गौशाला को सही ढंग से संचालित करने के लिए गौशाला समिति की हुई बैठक

## कई मुद्दों पर हुई चर्चा जन सहयोग लेने का लिया निर्णय



**पोरसा।** श्री नागाजी गौशाला परिसर में आज गौशाला को सही ढंग से संचालित और अच्छे ढंग से संचालित करने के लिए समिति की बैठक हुई बैठक में नए दानदाताओं को जोड़ने तथा बीमार गायों की और अच्छे इलाज के ऊपर चर्चा हुई, आज दिनांक 4 फरवरी 2024 को श्री नागाजी गौशाला समिति की मासिक बैठक का आयोजन किया गया बैठक में पूर्व बैठकों का अनुमोदन हुआ वह मासिक आयव्य का अनुमोदन किया गया बैठक में भविष्य में समस्त समिति के सदस्य गत वर्ष में एक बार संपूर्ण नगर में गौ माता के सहयोग के लिए आम लोगों से विचार विमर्श करेंगे ऐसा प्रस्ताव रखा गया बैठक में उपस्थित गौशाला समिति के संचालक संत बृजकिशोर पागल दास, सियाराम वर्मा, महेश शर्मा एडवोकेट, रणवीर सिंह तोमर, पूरन सिंह तोमर, हीरा सिंह तोमर, जसवीर सिंह तोमर, अशोक सिंह सिकरवार, राकेश ठेकेदार, प्रदीप सिंह तोमर, ओरती रामेश्वर राठौर, केदारनाथ ओझा, वेटरनरी डॉक्टर रवि बंसल आदि लोग उपस्थित हुए ।

# 'विश्वगुरू भारत' के परम वैभव की प्राप्ति में परमार समाज की हो उल्लेखनीय सहभागिताः उच्च शिक्षा मंत्री परमार



**भोपाल। (न.सं.)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने देश की समृद्ध संस्कृति को आधार और शिक्षा के महत्व को वास्तविक अर्थों में समाहित करते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 लागू की है। व्यापक विचार और मंथन के साथ नवीन शिक्षा नीति में हमारी गौरवशाली सांस्कृतिक, आध्यात्मिक, ऐतिहासिक और सामाजिक विरासत का समावेश किया गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुसरण में प्रदेश में भारतीय ज्ञान परम्परा के अनुरूप शिक्षा में आमूलचूल परिवर्तन हो रहा है। नवीन शिक्षा नीति के माध्यम से हमारा खोया हुआ गौरव वापस लौट रहा है, जिससे भारत अपनी वसुधैव कुटुंबकम की परंपरा को स्थापित करते हुए पुन: विश्व गुरु के परम वैभव की प्राप्ति की ओर अग्रसर है। यह बात उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने भोपाल के लालघाटी स्थित गुफा मंदिर में राजा भोज पंवार (परमार) समाज संगठन, भोपाल द्वारा आयोजित स्नेह सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मिलित होकर कही।

मंत्री परमार ने परंपरागत ज्ञान और पुरातन चिकित्सा पद्धति आयुष पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि कोरोना के भीषण संकटकाल में आयुर्वेद ने अपनी उपयोगिता एवं विश्वसनीयता सिद्ध की है। समाज में देश की परंपरागत विधा आयुर्वेद को पुर्नस्थापित करने में हम सभी की सहभागिता आवश्यक है।

# कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री श्री टेटवाल 5 फरवरी को महू जायेंगे

**भोपाल। (न.सं.)**

कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गौतम टेटवाल 5 फरवरी को रात में सारंगपुर से महू जायेंगे। श्री टेटवाल 6 फरवरी को सुबह डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के पश्चात गुरुजी रविन्द्र शर्मा स्व-रोजगार प्रशिक्षण केन्द्र के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होंगे। वे रात में भोपाल आयेंगे।

# पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न की घोषणा पर विधानसभा अध्यक्ष, कृषि मंत्री, ने दी बधाई, पीएम का जताया आभार

**मुरैना। (न.सं.)**

पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी जी को भारत रत्न दिए जाने की घोषणा का स्वागत करते हुए मप्र विधानसभा अध्यक्ष व दिमनी विधायक नरेन्द्र सिंह तोमर, कृषि मंत्री ऐंदल सिंह कंषाना, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ., पूर्व जिलाध्यक्ष केदार सिंह यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का आभार जताया है।

विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने लालकृष्ण आडवाणी जी को भारत रत्न दिए जाने पर कहा कि यह हमारे लिए आनंद और हर्ष का विषय है। सामाजिक जीवन में साफ-सुथरा जीवन जीने वालों को इससे प्रेरणा मिलेगी। तोमर ने कहा कि आडवाणी जी ने पत्रकार के तौर पर लंबी यात्रा निभाई। आपातकाल में भी उन्होंने सेनानी की भूमिका को निभाया। कृषि मंत्री ऐंदल सिंह कंषाना ने कहा कि आडवाणी जी को भारत रत्न दिए जाने की घोषणा से पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता गद्गद् है। आडवाणी जी ने पूरा जीवन देश के लिए समर्पित कर दिया। उन्हें भारत रत्न दिए जाने की घोषणा पर हृदय से बधाई, शुभकामनाएं और पीएम नरेन्द्र मोदी का आभार। भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. योगेशपाल गुप्ता ने कहा है कि लालकृष्ण आडवाणी जी एक व्यक्ति नहीं, एक संस्था है। उन्होंने अपने जीवन का हर क्षण भारत माता के चरणों में समर्पित कर दिया। देश को विकास की राह पर इस स्थान तक पहुंचाने में उनका अतुलनीय योगदान है। देशवासी आज प्रसन्न और गदगद हैं। मैं आडवाणी जी को बधाई देकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के प्रति हृदय से बहुत.बहुत धन्यवाद करता हूं। आडवाणी जी को भारत रत्न मिलने की घोषणा पर पूर्व जिलाध्यक्ष केदार सिंह यादव ने पीएम नरेन्द्र मोदी का आभार जताते हुए आडवाणी जी को शुभकामनाएं दीं है। उन्होंने कहा है कि केन्द्र सरकार ने उन्हें भारत रत्न देकर भारत माता की सेवा में अपना जीवन समर्पित करने वाले भाजपा के एक सच्चे सिपाही का सम्मान किया है।

आडवाणी को शुभकामनाएं देने वालों में विधायक सरला रावत, जिला पंचायत अध्यक्ष आरती गुर्जर, पूर्व मंत्री मुंशीलाल, गिर्राज डण्डौतिया, पूर्व विधायक शिवमंगल सिंह तोमर, कमलेश जाटव, रघुराज कंषाना, सूबेदार रजौधा, परशुराम मुदगल, राकेश मावई, पूर्व महापौर अशोक अर्गल, पूर्व जिपं अध्यक्ष गीता हर्षाना, पूर्व जिलाध्यक्ष नागेन्द्र तिवारी, अनूप सिंह भदौरिया, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामनरेश शर्मा, दीपक सिंह, मनोजपाल यादव, उर्मिला त्यागी, रामकुमार माहेश्वरी, जिला मीडिया प्रभारी नीरज सिंह भदौरिया सहित जिला, मंडल, मोर्चा, प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, भाजपा समर्थित जनप्रतिनिधिगण और वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं समस्त भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

# मंत्रीगण को विभागीय कार्यप्रणाली को अच्छे से समझना चाहिए : विधानसभा अध्यक्ष तोमर



**भोपाल। (न.सं.)**

मंत्रीगण विधान सभा में दिए आश्वासनों को प्रतिबद्धता के साथ पूरा करें। यह बात विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान में लीडरशिप समिट के दूसरे दिन के पहले सत्र को सम्बोधित करते हुए कही। विधान सभा अध्यक्ष तोमर प्रशासनिक समन्वय एवं विधानसभा कार्यप्रणाली विषय पर उद्बोधन दे रहे थे। उन्होंने कहा कि मंत्रीगण को अपने विभाग की कार्यप्रणाली और प्रक्रियाओं को पूरी तरह समझना चाहिए। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और राजेन्द्र शुक्ल एवं मंत्रि-परिषद के सदस्य उपस्थित थे।

विधान सभा अध्यक्ष तोमर ने प्रशासनिक व्यवस्था और कार्यप्रणाली को समझाते हुए कि नीतियों के बनाने, क्रियान्वयन करने और समीक्षा को बेहतर ढंग से करने के लिए अध्ययन करने की सलाह दी। मंत्रीगण अपने अपने विभाग में नवाचार पर भी ध्यान दें। समीक्षा करने के साथ विभाग में समय की मांग के अनुसार प्रशासनिक सुधार करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण संवाद और सहयोग महत्वपूर्ण है। सरकार और प्रशासन एक इसरे के पूरक है। मंत्रीगण को विभागीय अधिकारियों की कान्फ्रेन्स करना चाहिए। इसमें विभागीय अधिकारियों से महत्वपूर्ण फीडबेक मिलता है। उन्होंने कहा कि विभाग के विशेषज्ञों का ग्रुप बना कर विभाग के कार्य में विशेषज्ञ का सहयोग लेना चाहिए।

विधान सभा अध्यक्ष तोमर ने जिला प्रभारी मंत्री के रूप में बेहतर ढंग से दायित्व निर्वहन पर भी जानकारी दी। उन्होंने विभाग की योजनाओं और कार्यक्रमों के लिए केंद्र सरकार से राशि प्राप्त करने के संबंध में भी बताया।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने बजट, मंत्रालयीन कार्य प्रणाली, कार्य आवंटन नियम, विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना नियमावली विषय पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि अनुपूरक अनुमान विधानसभा के प्रत्येक सत्र में लाया जा सकता है। उन्होंने वजट और बजट प्रक्रिया पर विस्तार से जानकारी दी। मंत्री पटेल ने कहा कि वित्तीय अनुशासन के साथ विकास के लक्ष्य को प्राप्त करना है। वित्तीय आत्मनिर्भरता लक्ष्य होना चाहिए। उन्होने बजट प्रबंधन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

# प्रदेश में 275 सीएम राइज स्कूल संचालित

**भोपाल। (न.सं.)**

प्रदेश में सरकारी स्कूलों में सर्व-सुविधायुक्त वातावरण के साथ विद्यार्थियों को रोचक एवं आनंददायक शिक्षा देने के लिये सीएम राइज स्कूल की स्थापना की गई है। पहले चरण में 275 सीएम राइज स्कूल प्रारंभ किये जा चुके हैं। आने वाले 10 वर्षों में प्रदेश में 9,200 सीएम राइज स्कूल शुरू करने का कार्यक्रम तय किया गया है।

सीएम राइज स्कूल में के.जी. से कक्षा 12वीं तक के संचालन की व्यवस्था के साथ अंग्रेजी माध्यम से शिक्षण की व्यवस्था की गई है। राज्य में 269 सीएम राइज स्कूलों के नवीन भवन निर्माण के लिये स्कूल शिक्षा विभाग ने 9 हजार 500 करोड़ रुपये की वित्तीय मंजूरी भी दी है। इन स्कूलों में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिये डिजिटल कक्षा, पूर्ण रूप से सुसज्जित प्रयोगशाला एवं पुस्तकालय, कला, नृत्य, संगीत एवं योग शिक्षण की व्यवस्था भी की गई है।

# कैंसर से बचने के लिए लक्षणों पर ध्यान देना जरूरी हैः डॉ. चंदेल

## कैंसर के खिलाफ जंग लड़ने वालों का किया सम्मान



**ग्वालियर। (न.सं.)**

मातृत्व जनआरोग्य एवं शिक्षा प्रचार समिति की ओर से जयारोग्य अस्पताल के कैंसर रोग विभाग में विश्व कैंसर दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कैंसर के खिलाफ अपनी जंग जारी रखने वाले लोगों का सम्मान किया गया। इस मौके पर कैंसर रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. संजय सिंह चंदेल ने कहा कि कैंसर शरीर के अलग-अलग अंगों में कई कारणों से हो सकता है। धूम्रपान, शराब, अनुचित खानपान, असुरक्षित यौन संबंध जैसे कारणों से यह बीमारी ज्यादा बढ़ रही है। बचाव के लिए इसके लक्षणों पर ध्यान देना बहुत जरूरी है। अस्पताल प्रबंधक डॉ. अनिल मेवाफरोश ने कैंसर जैसी गंभीर बीमारी को समझाने, मूल्यांकन, बचाव एवं जागरूकता फैलाने के लिए समिति को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के अंत में कैंसर वार्ड में भर्ती मरीजों एवं उनके अटेंडरों को फल बांटे। इस अवसर पर धीरेंद्र चौबे, डॉ. सूर्यकांत अग्निहोत्री, अनूप शर्मा, कपिल भार्गव, एड. आदित्य भार्गव, कोमल कुशवाह, जतिन शर्मा, इकबाल खान, पवन कौशल, गोपाल भोसले आदि उपस्थित रहे।

### नियमित योग व व्यायाम करें

डॉ. चंदेल ने बताया कि मुंह में गांठ, घाव या अल्सर की समस्या लगातार होने पर जांच करानी चाहिए। उन्होंने कहा कि नियमित योग व व्यायाम करें और स्वस्थ दिनचर्या के पालन का प्रण लें।



# चालक अनिद्रा की स्थिति में वाहन न चलाएंः डॉ. आकाश अग्रवाल

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2024 के अंतर्गत चालकों की स्वास्थ्य जांच के लिए किया हेल्थ कैंप का आयोजन

**धौलपुर।** जिला परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा मनाए जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत वाहन चालकों का हेल्थ चेकअप शिविर का आयोजन राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर किया गया। इस अवसर पर वाहन चालकों का हेल्थ चेकअप करते हुए आयुर्वेद चिकित्सा प्रभारी डॉ आकाश अग्रवाल ने कहा कि व्यवसायिक वाहन चालक लगातार वाहन चलाते रहते हैं और अनिद्रा की स्थिति आ जाती है, ऐसे में यदि वे ज्यादा वाहन चलाते हैं तो फिर दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने वाहन चालकों को बताया कि वह पूरी नींद लें और नशीले पदार्थों का उपयोग ना करें तथा कभी भी अनिद्रा की स्थिति में वाहन ना चलाएं। उन्होंने बताया कि चेकअप में अधिकांश वाहन चालकों की आंखों में जलन, सीने में जलन तथा पेट से संबंधित रोग पाए गए हैं। इन्हें नियमित योग और आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति से दूर किया जा सकता है। उन्होंने वाहन चालकों को सुझाव दिया कि वह सुबह उठकर नियमित रूप से गुनगुने पानी का सेवन करें और हल्का खाना खाए साथ ही पूरी नींद लें। इस अवसर पर परिवहन निरीक्षक धर्मपाल सिंह ने हेल्थ कैंप मैं उपस्थित वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी एवं सुरक्षित सफर के लिए पर्याप्त नींद लेने की अपील की।

# महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण इसलिए ताकि वह निर्णायक भूमिका निभाएंः कृष्णकांता तोमर

## महिला मोर्चा की शक्ति वंदन अभियान जिला कार्यशाला संपन्न



**मुरैना। (न.सं.)**

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के आवाह्न पर नारी शक्ति बंदन एवं महिला स्वहायता समूह की एक दिवसीय कार्यशाला भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित की गई,जिसमें मध्यप्रदेश महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष कृष्कान्ता तोमर,महिला मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मंजू सिकवार, भाजपा जिला महामंत्री चारुकृष्ण दंडौतिया, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रीना दंडौतिया, भाजपा जिला महामंत्री भावना जालौन,कंचन चौहान,रामायणी गुर्जर, गुड्डी खटीक प्रमुख रूप से उपस्थित थीं, भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी संजय डण्डौतिया ने बताया कि कार्यशाला में नेताओं ने उपस्थित बहनों से ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्रमोदी ने महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देकर बड़ा निर्णय लिया है। सरकार ने अपने पूरे कार्यकाल में महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास पर काफी जोर दिया है, जिसे सामाजिक स्वायत्तता, वित्तीय समावेशन और महिलाओं के अधिक राजनीतिक प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करने के उपायों से मदद मिली है। उदाहरण के लिए, पीएम आवास योजना (ग्रामीण) के तहत, 2.4 करोड़ घरों में से 26.6% पूरी तरह से महिलाओं के नाम पर हैं, और लगभग 70% संयुक्त रूप से पत्नी और पति के नाम पर हैं। इसी तरह, नौ करोड़ महिलाओं के साथ 83 लाख एसएचजी सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता के साथ सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य को बदल रहे हैं। उनकी सफलता ने लगभग एक करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनने में मदद की है। इस प्रकार, अंतरिम बजट में लखपति दीदी का लक्ष्य 2 करोड़से बढ़ाकर 3 करोड़ कर दिया है। मोदी सरकार 9 से 14 वर्ष की लड़कियों के लिए सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण को बढ़ावा देकर भारतीय महिलाओं को और सशक्त बनाने के लिए कदम उठाएगी। बेहतर पोषण वितरण, प्रारंभिक बचपन में देखभाल और विकास के लिए सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 में और तेजी लाई जाएगी। इसके अलावा, आयुष्मान भारत का लाभ अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए, इस योजना को सभी आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायकों तक बढ़ाया जाएगा अन्नदाता का सर्व समावेशी विकास और कल्याणः मोदी सरकार के पिछले एक दशक के कार्यकाल में, निरंतर यह सुनिश्चित करने के प्रयास किए गए हैं।



# उमरीखेड़ा इंदौर में विकसित होगा ईको टूरिज्म एवं एडवेंचर पार्क

**भोपाल। (न.सं.)**

जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने वन एवं पर्यावरण मंत्री श्री नागर सिंह चौहान को उमरीखेड़ा, इंदौर में ईको टूरिज्म एवं एडवेंचर पार्क बनाए जाने और रालामंडल अभ्यारण में आवश्यक विकास कार्य कराए जाने संबंधी प्रस्ताव सौंपा है। वन मंत्री श्री नागर सिंह चौहान ने जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट से भोपाल में उनके निवास पर मुलाकात की और आश्वस्त किया कि यह कार्य शीघ्र कराया जाएगा। प्रस्ताव अनुसार इन क्षेत्रों को विकसित किए जाने से इंदौर जिले के साथ-साथ उज्जैन, देवास, खंडवा, धार, शाजापुर, सीहोर, भोपाल आदि जिलों के सैलानियों के लिए ये स्थान भ्रमण के लिए नेशनल पार्क के विकल्प के रूप में मिल सकेंगे।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक रामविलास शर्मा द्वारा चम्बल प्रिंटिंग प्रेस इण्डस्ट्रीज एरिया बानमोर से मुद्रित व एस 12 द्वितीय तल रायल प्लाजा पुराने हाईकोर्ट के सामने ग्वालियर से प्रकाशित । प्रधान संपादक रामविलास शर्मा,
email-chambalsurkhi@yahoo.com आर.एन.आई. पंजीयन नं MPHIN/2007/20705 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र मुरैना रहेगा। कानूनी सलाहकार युवराज कुलश्रेष्ठ एडवोकेट मो.9229842150 फोन- (07532)- 225779,9827679954